Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 323 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये
दुर्ग, बुधवार 18 सितम्बर 2024
www.samaydarshan.in

अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से दिया इस्तीफा

# आतिशी होंगी नई मुख्यमंत्री, नई सरकार बनाने का दावा पेश....

नई दिल्ली/एजेंसी।

अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार शाम करीब 4.45 बजे उप राज्यपाल विनय सक्सेना को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। उनके साथ आतिशी समेत सभी मंत्री मौजूद रहे। दिल्ली सरकार ने 26 और 27 सितंबर को 2 दिन का विधानसभा सत्र बुलाया है। इससे पहले आतिशी मार्लेना को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान किया गया। केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा। इस पर विधायकों ने सहमति जताई। दिल्ली के परिवहन मंत्री गोपाल राय ने आतिशी के नाम का ऐलान करते हुए कहा कि हमने विषम परिस्थितियों में यह फैसला लिया है। अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी पर कीचड़ उछाला गया। जनता जब तक उन्हें नहीं चुनती वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। दोपहर एक बजे आतिशी ने मीडिया से बात की और कहा कि 'मैं अपने गुरु अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करती हूं। जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मुझे बधाई मत दीजिएगा, माला मत पहनाइएगा, मेरे लिए, दिल्लीवालों के लिए दुख की घड़ी है कि चहेते मुख्यमंत्री इस्तीफा देंगे।' बता दें कि 13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि'अब जनता तय करे कि मैं ईमानदार हूं या बेईमान। जनता ने दाग धोया और विधानसभा चुनाव जीता तो फिर से कुर्सी पर बैठूंगा।' आतिशी ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केंद्र सरकार ने दुष्प्रचार किया। फर्जी आरोप लगाए। केंद्र ने अपनी सारी एजेंसीज को उनके पीछे छोड़ दिया। 6 महीने जेल में रखा। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें रिहा किया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की तीखी टिप्पणी भी की। कोई और व्यक्ति होता तो वह तुरंत मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ गया होता। केजरीवाल ने कहा कि मैं दिल्ली की जनता का फैसला मानूंगा। ये हमारे लिए दुख का क्षण है। दिल्ली के लोग इस बात का प्रण ले रहे हैं कि अगले चुनाव में वे केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाएंगे। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की सलाहकार से लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति में कैबिनेट का प्रमुख चेहरा बनने और सरकार में मनोनीत मुख्यमंत्री तक का सफर आतिशी ने बहुत तेजी से तय किया है जिसे 'अभूतपूर्व और असाधारण' माना जा रहा है.दिल्ली सरकार में सबसे अधिक मंत्रालयों का कार्यभार संभालने वाली 43 वर्षीय आतिशी, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित के बाद राष्ट्रीय राजधानी की मुख्यमंत्री बनने वाली तीसरी महिला होने का गौरव भी हासिल करेंगी. मंगलवार को विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया. इसके बाद आतिशी ने अरविंद केजरीवाल को अपना 'गुरु' बताते हुए अपना उत्तराधिकारी चुनने के लिए उनका आभार जताया और कहा कि वह भाजपा के अवरोधों से लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए उनके मार्गदर्शन में काम करेंगी.



### आप ने मांगा राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से इस्तीफा

आतिशी पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के एक्स पर पोस्ट साझा करने पर आप नेता दिलीप पांडे ने कहा कि एक बात समझ लीजिए। स्वाति मालीवाल वो शख्स हैं जो राज्यसभा का टिकट तो आप से लेती हैं लेकिन प्रतिक्रिया देने की स्क्रिप्ट भाजपा से लेती हैं। अगर उनमें थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा के टिकट पर राज्यसभा का रास्ता चुनना चाहिए। अगर उन्हें राज्यसभा में रहना है तो उन्हें भाजपा से टिकट लेना चाहिए। भाजपा ने पत्रकार वार्ता में आप पर जमकर हमला बोला। दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि मुख्यमंत्री का चेहरा होगा आतिशी का, पर पूरा का पूरा पॉवर सेंटर अरविंद केजरीवाल बनेंगे।

### आतिशी कठपुतली मुख्यमंत्री बन गई : स्वाति मालीवाल....

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को दावा किया कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री चुनी गई आप नेता आतिशी एक 'कठपुतली' मुख्यमंत्री होंगी. आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आप आदमी पार्टी (आप) नेता दिलीप पांडे ने कहा कि अगर स्वाति मालीवाल को थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें उच्च सदन की सीट छोड़ देनी चाहिए. मंगलवार को विधायक दल की बैठक में आतिशी को सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया. मालीवाल ने कहा, आज दिल्ली के लिए बहुत दुखद दिन है. एक महिला दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं, जिनके परिवार ने आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी की सजा से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी थी.

अदालत ने जारी किया नोटिस

# सांसद कंगना को चंडीगढ़ कोर्ट में होना होगा पेश....

**चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेत्री व सांसद कंगना रनौत की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। क्योंकि कंगना रनौत को चंडीगढ़ जिला अदालत में पेश होने के आदेश जारी हुए हैं। यह आदेश कंगना रनौत की नई फिल्म इमरजेंसी के खिलाफ दायर की याचिका पर अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। जारी हुए नोटिस में कंगना को 5 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। अभिनेत्री के खिलाफ जिला अदालत में याचिका दर्ज कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। याचिका में एसएसपी चंडीगढ़ को कंगना के खिलाफ एफआईआर निर्देश दिए जाने की मांग की गई है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रविंदर सिंह बस्सी ने कंगना के खिलाफ याचिका दर्ज की है। बता दें कि कंगना रनौत की नई फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, हालांकि फिल्म पर अभी रोक लग गई है। फिल्म जो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर आधारित है। इसका ट्रेलर भी जारी हो चुका है। एडवोकेट रविंदर सिंह बस्सी ने कहा कि इस फिल्म के जरिए कंगना ने सिखों की छवि खराब करने की कोशिश की है। कंगना ने बिना इतिहास को पढ़े सिखों की नकारात्मक छवि दिखाई और झूठे आरोप भी लगाए हैं। इसलिए उन्होंने कंगना के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। याचिका में कंगना रनौत समेत स्क्रीन प्ले राइटर रितेश शाह और जी स्टूडियो को प्रतिवादी बनाया गया है। वहीं, फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पर रोक लगाने की मांग करते हुए मोहाली निवासी गुरिंदर सिंह व गुरमोहन सिंह ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।



### सारण के एसपी डॉ कुमार आशीष का लेख जनरल वॉल्यूम 72 में छपा

**पटना।** वललभभाई पटेल नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद से प्रकाशित होने वाले अति प्रतिष्ठित जनरल वॉल्यूम 72 मे सारण के एसपी डॉ कुमार आशीष का लेख प्रकाशित हुआ है यह सारण जिला के लिए गौरव की बात ज्ञात हो की बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा प्रखण्ड के रहने वाले 2012 बैच के बिहार कैडर के आईपीएस डॉ कुमार आशीष वर्तमान परिदिश्य मे छात्र युवा असंतोष की चुनौतिया विषय पर अंग्रेजी भाषा मे प्रकाशित लेख से पुलिस महकामे मे छाये हुए है बिहार के एक पुलिस अधिकारी का जर्नल मे लेख प्रकाशन के बाद पुलिस विभाग के कई अधिकारी है।

भाजपा नेता की फिसली जुबान

## राहुल को मौत...... के एक साल बाद मिला भारत रत्न

**झांसी।** सोमवार को झांसी आए भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कांग्रेस पर करारा हमला बोल। हालांकि, इस दरम्यान इनकी जुबान भी फिसल गई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मृत्यु के एक साल बाद उन्हें भारत रत्न मिला, इस पर हमें कोई आपत्ति नहीं। हालांकि, वह कहना राजीव गांधी चाह रहे थे, लेकिन उनके मुंह से राहुल गांधी निकल गया। इस दरम्यान उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी को जीते जी भारत रत्न का सम्मान दे दिया गया। लेकिन, बाबा साहब अंबेडकर को उनकी मृत्यु के 40-45 साल तक कांग्रेस की सरकार ने भारत रत्न नहीं दिया। उन्हें यह सम्मान देने का काम भाजपा सरकार ने किया। इस दरम्यान उन्होंने कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताया।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के 20 जिलों में बाढ़, 2000 मंदिर डूबे, सड़कों पर हो रहे मृतकों के अंतिम संस्कार

**लखनऊ।** यूपी के 20 जिलों में बाढ़ के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण यूपी में नदियां उफान पर हैं। गंगा, यमुना, शारदा और घाघरा का जलस्तर बढ़ने से 20 जिलों के 400 से ज्यादा गांवों में बाढ़ आ गई। वहीं काशी में करीब 2000 मंदिर डूब गए है। बाढ़ के कारण श्मशान घाट में पानी आ चुका है। जिस कारण प्रयागराज में सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा। वाराणसी में घाट किनारे बसी कॉलोनियों में पानी भर गया। लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे। अब तक 25000 लोग जा चुके हैं। 85 घाट और 2000 छोटे-बड़े मंदिर गंगा में डूब गए। बस्ती में सरयू में बाढ़ के चलते एक मकान नदी में समा गया। झांसी में सरकारी गोदाम के अंदर बारिश का पानी भरने से 5 करोड़ रुपए का अनाज सड़ गया। पीलीभीत में पानी के तेज बहाव में बाइक सवार 2 युवक बह गए।

### पत्नी का सिर धड़ से किया अलग फिर किया ये काम, देखने वालों की कांप उठी रूह

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक पति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी और फिर उसका कटा हुआ सिर लेकर थाने पहुंच गया। इस घटना से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, श्रीनगर थाना क्षेत्र के पोखरिया टोला वार्ड संख्या 2 में रहने वाले अर्जुन शर्मा (37) ने अपनी पत्नी पूजा देवी (35) की हत्या धारदार हथियार से कर दी। हत्या का कारण बताया जा रहा है कि आरोपी को अपनी पत्नी पर किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध होने का शक था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी का सिर थाने में ही सौंपना चाहता था। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी हाथ में एक झोला लेकर थाने की ओर आ रहा था। झोले से खून टपक रहा था। जब पुलिस ने झोले की जांच की तो उसमें महिला का कटा हुआ सिर मिला।

### हरियाणा की राजनीति में भूचाल: सिरसा में भाजपा प्रत्याशी ने उम्मीदवारी से नाम वापस लिया

**सिरसा।** हरियाणा की राजनीति में सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया, जब सिरसा में भाजपा के प्रत्याशी रोहताश जांगड़ा ने नामांकन वापस लेने का फैसला कर लिया और निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर नाम वापस ले लिया। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल भाजपा के भीतर हलचल मचा दी है, बल्कि जांगड़ा के समर्थन में और खिलाफ भी प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि रोहिताश्व जांगड़ा ने यह कदम पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के इशारे पर उठाया है। भाजपा के मैदान से हटने के बाद अब यहां हलोपा के प्रत्याशी गोपाल कांडा की स्थिति मजबूत हो गई है।

कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामले में

# सुनवाई का सीधा प्रसारण रोकने की गुहार ठुकराई-सुप्रीम कोर्ट....

नई दिल्ली। एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में एक पीजी डॉक्टर के साथ नौ अगस्त को कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या से संबंधित मामले की सुनवाई का सीधा प्रसारण नहीं करने की पश्चिम बंगाल सरकार की गुहार ठुकराते मंगलवार को कहा कि यह एक बहुत बड़ा सार्वजनिक महत्व का मामला है और लोगों को यह पता होना चाहिए कि अदालत में क्या हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलें सुनने के बाद उनकी गुहार ठुकरा दी। कपिल सिब्बल ने इस मामले में अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण नहीं करने की गुहार लगाते हुए कहा था कि इस मामले में संबंधित अधिवक्ताओं को धमकाया गया, उन्हें लांक्षित किया गया और उनकी छवि खराब की गई। कपिल सिब्बल ने कहा कि जैसे ही न्यायाधीश इस अत्यधिक भावनात्मक मुद्दे पर कोई टिप्पणी करते हैं, लोगों की प्रतिक्रिया सामने आती है। उन्होंने कहा,हमारी 50 साल की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। कपिल सिब्बल ने कहा कि स्वप्निल त्रिपाठी के फैसले सीधा प्रसारण से संबंधित में शीर्ष अदालत ने कहा था कि अत्यधिक भावनात्मक मामलों में सीधा प्रसारण से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि संबंधित महिला अधिवक्ताओं को दुष्कर्म या एसिड अटैक की धमकी दी जा रही है।



### धौलपुर स्थित ग्लव्स फैक्ट्री पर पुलिस की रेड


**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आधार पर प्रयागराज पुलिस ने धौलपुर में स्वेअर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की ग्लव्स बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारकर कंपनी के डायरेक्टर संजीव गौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। संजीव गौड़ के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471 और 120बी भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध संख्या-167/2024 में मामला दर्ज है। गौड़ के साथ इस मामले में अन्य आरोपियों, जिनमें आशुतोष कुमार तिवारी, रंजीत कुमार यादव, पत्नी अराधना गौड़ और राजेश कुमार शामिल हैं, के खिलाफ भी एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था।

आने वाले दिनों में संसद से होगा पारित

# विधेयक वक्फ संपत्तियों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध.....

नई दिल्ली/ एजेंसी

वक्फ संशोधन विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले दिनों में इस संसद में पारित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यह बात कही। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के मौके पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को भी रोकेगा। इस विधेयक क पिछले महीने लोकसभा में पेश किया गया था। विपक्ष ने मसौदा कानून के प्रावधानों पर आपत्ति जताई थी। जिसके बाद इसे जांच के लिए एक संसदीय समिति के पास भेजा गया था। सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक का मकसद विवादों को कम करना है। यह डिजिटल मंच पर वक्फ संपत्तियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और निगरानी का भी प्रावधान करता है। सरकार के पहले सौ दिनों की उपलब्धियों को गिनाने हुए अधिकारी ने कहा कि पांच करोड़ आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के मकसद से 63 हजार आदिवासी गांवों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नमस्ते नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम योजना का विस्तार सफाई कर्मियों के साथ कचरा बीनने वालों को भी इसमें शामिल करने।



भारत ने जारी रखी ओलंपिक की लय

# भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब अपने नाम पर किया

हुलुनबुइर/ एजेंसी


टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मेजबान चीन को कड़े मुकाबले में 1 . 0 से हराकर पांचवीं बार एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता . पहले तीन क्वार्टर तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी . आखिर में डिफेंडर जुगराज सिंह ने फील्ड गोल करके टीम को जीत दिलाई हरमनप्रीत सिंह की टीम के लिये यह मुकाबला कतई आसान नहीं था . पहले तीन क्वार्टर में चीनी डिफेंडरों ने भारत को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया . पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के लिये 51वें मिनट में जुगराज ने गोल किया . चीन दूसरी बार ही किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का फाइनल खेल रहा था . इससे पहले उसने एशियाई खेल 2006 फाइनल खेला था जिसमें उसने कोरिया ने 3 . 1 से हराया था .इससे पहले पाकिस्तान ने कोरिया को 5 . 2 से हराकर छह टीमों के टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया . इसके साथ ही भारत टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे कामयाब टीम हो गई है जिसने पांच बार खिताब जीता . इससे पहले 2016 और 2018 में लगातार खिताब जीते थे . हॉकी इंडिया ने इस जीत पर हर खिलाड़ी को तीन लाख रूपये और सहयोगी स्टाफको डेढ लाख रूपये नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया है . खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरी भारतीय टीम ने पहले लीग मैच में चीन को 3 . 0 से हराया था लेकिन फाइनल मुकाबला काफी कठिन रहा . पहले दो क्वार्टर में भारत ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन चीन भी जवाबी हमले में पीछे नहीं था . राजकुमार पाल ने पहला हमला बोला जिसे चीन के गोलकीपर वांग वेइहाओ ने बचा लिया .राजकुमार ने दसवें मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत सिंह गोल नहीं कर सके . दो मिनट बाद नीलाकांता शर्मा का शॉट वांग ने बचाया और अगले मिनट सुखजीत सिंह को गोल नहीं करने दिया . पहले क्वार्टर से कुछ सेकंड पहले भारत ने पेनल्टी कॉर्नर गंवाया लेकिन कृशन बहादुर पाठक गोल के सामने मुस्तैद थे . दूसरे क्वार्टर में भी कहानी यही रही जब गेंद पर नियंत्रण में भारत ने बाजी मारी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी . भारत को 27वें मिनट में सुखजीत ने पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन हरमनप्रीत का शॉट गोलपोस्ट से टकरा गया . दूसरे हाफ में चीनी फारवर्ड पंक्ति ने लगातार हमले बोले और 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन भारतीय डिफेंस चौकस था . चीन को 40वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिन पर भारतीय गोलकीपर पाठक ने गोल नहीं होने दिया . भारत के गोल के सूत्रधार हरमनप्रीत रहे जो जबर्दस्त स्टिक वर्क दिखाते हुए चीनी सर्कल में घुसे और जुगराज को गेंद सौंपी जिसने गोल करने में कोई चूक नहीं की . हूटर से चार मिनट पहले चीन ने अपने गोलकीपर को हटाकर अतिरिक्त खिलाड़ी को उतारा लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका .




### पांचवीं बार भारतीय टीम बना विजेता.....

भारतीय टीम ने पांचवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। दिलचस्प बात यह है कि टीम लगातार दूसरी बार विजेता बनकर उभरी है। भारत ने सबसे पहले 2011 में पाकिस्तान को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बाद उसने 2016 में भी पाकिस्तान को हराकर इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारतीय टीम ने 2023 में मलेशिया को फाइनल में हराकर चौथे बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता और अब रिकॉर्ड पांचवीं बार विजेता बनने में सफल रही। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है।

## संक्षिप्त समाचार



नंदिनी अहिवारा। विश्वकर्मा पूजा भारत में एक खास त्यौहार है जो कारीगरों और श्रमिकों द्वारा मनाया जाता है । नगर में भी धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा जयंती।

## प्राथमिक शाला बंसूला में नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतु कोचिंग क्लास का शुभारंभ




**बसना ( समय दर्शन )।** विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया एवम् विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक पूर्णानन्द मिश्रा के निर्देशन तथा संकुल प्राचार्य बलदेव मिश्रा, संकुल समन्वयक गोवर्धन डडसेना के कुशल मार्गदर्शन में संकुल स्तरीय नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतू कोचिंग क्लास का शुभारंभ शासकीय प्राथमिक शाला बंसुला में प्रारंभ किया गया। जिसमें संकुल के सभी विद्यालय के छात्र छात्राएं अध्ययन हेतु उपस्थित हो रहे हैं। जिसका समय दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक रखा गया है इस कोचिंग क्लास में सुजाता प्रधान , प्रेमनाथ प्रधान, मुकेश प्रधान, हरप्रसाद जायसवाल, अनिता साहू, सीता साहू, पुष्पांजलि मैडम का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। यह क्लास विद्यालय के प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज भारतीय जनता पार्टी ने स्वच्छता अभियान चलाया




**जांजगीर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यंत शूभ है क्योकि आज भगवान विश्वकर्मा जी का दिवस है और आज के दिन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश मे श्रमिक दिवस के रूप मे मनाने को कहा है आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसके सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी है जिनके जन्मदिन को आज हम स्वच्छता अभियान कर मना रहे है और आज के दिन से पुरे पन्द्रह दिन भारतीय जनता पार्टी पुरे जिला मे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी आज उपस्थित कार्यकर्ताओ द्वारा नगर के कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक मे परिसर की साफसफाई कर अभियान चलाया गया कार्यकर्ताओ ने वीर शहीद के स्मारक पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गान जन गण मन गाया उक्त कार्यक्रम मे प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन जिला उपाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक अभिमन्यु राठौर पंकज अग्रवाल राहुल सेन योगेश चौरसिया सूर्यकांत सिंह सुरेंद्र यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पचरी में विश्वकर्मा पूजा जयंती



**झलप ( समय दर्शन )** ग्राम पंचायत पचरी में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की जाएगी। साथ ही 18 सितंबर को रात्रि मनोरंजन हेतु भूले बिसरे मोंगरा पाली ( तेंदुकोना ) छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पंचायत पचरी के मिस्त्री संघ और समस्त ग्रामवासी के सहयोग से आयोजित किया गया है, लिलसाय साहू, प्रभुलाल, ओमप्रकाश साहू, प्रेम साहू, बिनकुमार निषाद, चिलेश्वर, राम कुमार, सुरेश लहरे, नागेश्वर, ओमप्रकाश निराला, त्रिलोक, महेंद, विजय, धनीराम, जितेंद, विष्णु, आदि लोग थे।

# महासमुंद सांसद श्रीमति रूपकुमारी चौधरी ने बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व नगर पंचायत बस स्टैण्ड परिसर मे झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुवात की

**अभय धृतलहरे/ बसना( समय दर्शन )।** नगर पंचायत बसना में स्वच्छ भारत के लिए 17 सितंबर से शुरू होने जा रहे स्वच्छता अभियान की घोषणा के साथ ही, स्वभाव परिवर्तन को बढ़ावा देने और श्रमदान के माध्यम से जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक पखवाड़े में होने वाली गतिविधियों की तैयारियां नगर पंचायत बसना में शुरू हो गई हैं। यह अभियान 17 सितम्बर से लेकर 02 अक्टूबर महात्मा गाँधी जी की जयन्ती तक चलेगा।

इस कैंपेन का थीम स्वभाव स्वच्छता.. संस्कार स्वच्छता.. रखा गया है। इसके तहत 17 सितंबर को नगर निगम प्रशासन द्वारा एक मेगा इवेंट रखा गया है। इस इवेंट की



शुरुआत नगर पंचायत बसना में महासमुन्द सांसद श्रीमती रूपकुमारीओमप्रकाश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अभिमन्यु जायसवाल, पार्षद शीत गुप्ता, पार्षद महेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजवीर ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरज सिदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सनत महादेवा, नायब तहसीलदार ललित सिंह, पत्रकारों सहित पार्षद एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में स्वच्छता संकल्प के साथ किया गया।

उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मरीजों का निरीक्षण कर फल वितरण किया गया।

श्रीमति चौधरी ने स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर मोदी जी के सपनो को साकार करने स्वच्छ भारत ,स्वच्छ छत्तीसगढ़, एवं स्वच्छ बसना नगर हेतु रवाना किया ।

छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत हो रही है । इस अभियान में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आज से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नगरीय निकायों में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

इस दौरान राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को जारी परिपत्र में कहा है कि, भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## प्रदेश में नहीं बची कानून व्यवस्था नाम की चीज : चातुरी नंद

### खुलेआम हो रही हत्याओं से राज्य में भय का माहौल

### साय के सुशासन में पुलिस तक सुरक्षित नहीं

### मुख्यमंत्री और गृहमंत्री दें इस्तीफा



**सरायपाली( समय दर्शन )।** प्रदेश में लगातार हो रही हत्याओं और अपराधों में बढ़ोत्तरी पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। विधायक नंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन हो रही सामूहिक हत्याओं, चाकूबाजी, मारपीट के साथ महिलाओं के साथ हो रही अपराधों से प्रदेश की जनता सहम गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, गोलीबारी, गैंगवार की घटनाएं बढ़ गई है। पूरे प्रदेश में मॉब लिंचिंग की घटनाएं हो रही हैं। सुकमा में पुलिस के हवलदार सहित पांच लोगों की हत्या कर दी गई, गृह मंत्री के जिले कवर्धा में एसपी और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में एक उपसरपंच को जिंदा जला दिया गया। दो दिन पहले बलौदाबाजार जिले में टोनही बताकर 11 महीने के अबोध बच्चे सहित चार लोगों की हत्या कर दी गई कानून का डर अपराधियों पर खत्म हो गया है। प्रदेश का आम आदमी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। रोज-रोज हो रही बलात्कार और सामूहिक बलात्कार की घटनाओं से महिलाओं में भय समाया हुआ है। साय सरकार प्रदेश के नागरिकों को जीवन जीने के लिये भय मुक्त वातावरण देने में असफल साबित हुई है। विधायक नंद ने कहा 6 दिन पूर्व ही बलरामपुर में दिनदहाड़े 5 करोड़ की डकैती हुई लेकिन आज तक अपराधियों का पता नहीं लगा पाए। इसी तरह सरायपाली में भी बंदूक की नोक पर बस को लूटने की कोशिश की गई। ऐसे घटनाएं लगातार घट रही है जिससे प्रदेश का हर नागरिक अपने आप को असुरक्षित मान रहा है। विधायक चातुरी नंद ने मुख्यमंत्री साय और गृहमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए उनके इस्तीफे की मांग की गई है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान एवं फलो का वितरण

### संगम सेवा समिति के द्वारा किया गया






**शंकर लहरे/ सरायपाली (समय दर्शन)।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर संगम सेवा समिति के संस्थापक एवं युवा भाजपा कार्यकर्ता प्रखर अग्रवाल द्वारा स्थानीय मोहन लाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में मरीजो एवं गर्भवती महिलाओं को फलो का वितरण किया गया एवं युवा साथियों के साथ मिल कर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया उक्त शिविर के माध्यम से अग्रवाल ने अपने युवा साथीयो को हर छह माह में रक्तदान करने का संकल्प दिलवाया एवं रक्तदान के प्रति लोगो के बीच जागरूकता का प्रचार प्रसार करने का आग्रह किया

# बसना के बड़ेसाजापाली, खुरदरहा इलाके में फिर हाथियों की धमक



### किसानो के फसल को हाथी कर रहे बर्बाद

**अभय धृतलहरे/ बसना( समय दर्शन )** बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में हाथियों की आ धमकने से कुछ गाँवों को हाई अलबर्ट किया गया है। जिले के बसना विकासखण्ड के बड़े साजापाली क्षेत्र में एक बार फिर हाथियों की धमक से कौतूहल का विषय बना हुआ है।गांव के सीमा मे हाथियों के चिंघाड़ से लोग डरे व सहमे हुए हैं ।

बता दें कि, जिले में अब तक हाथियों के कुचलने से दर्जनों मौत हो गई है। फारेस्ट विभाग ने ग्रामीणों को चिन्हाकिंत क्षेत्र में न जाने की हाई अलर्ट चेतावनी जारी किया है।

बसना वन परिक्षेत्र अधिकारी एस. आर. निराला से प्राप्त जानकारी

-महासमुंद वन मण्डल (दल क्रमांक-1)

दल का नाम-रोहांसी दल।

वन परिक्षेत्र-बसना

परिक्षेत्र वृत्त- बड़े साजापाली

परिसर-पुराना बेलटिकरी

दिनांक-17 सितम्बर 2024 समाचार लिखे जाने तक

हाथियों की कुल संख्या-25

रास नर -02

मादा हाथियों की कुल संख्या-14

शावक की संख्या-09

अभी तक-किसानो के फसलों की हानि हुई है।

रिहायशी इलाके में घरों को किसी प्रकार से क्षति व जन हानि नही हुई है। प्रभावित सीमा क्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारी दल प्रमुख के. आर.डडसेना (सीएफओ),दल सहायक -हेमसागर रत्नाकर(बीएफओ)

देवानंद सोनी (बीएफओ)महेश ध्रुव(बीएफओ)एवं बड़े साजापाली सर्किल के समस्त स्टाफव वन सुरक्षा श्रमिक तैनात हैं ।

**अलर्ट ग्राम**

खुरदरहा, बुंदेलाभांटा, छातापठार, बुटीपाली, हेड़सपाली, लोहारपाली, खैरजुड़ी,बड़े साजापाली, केंवटापाली, मुनगाडीह, बेलटिकरी, भूतहाबाहरा

**कक्ष क्रमांक-326/327**

विचरण क्षेत्र-कक्ष क्रमांक-456 के जंगल में विचरण कर रहै हैं ।

निकटवर्ती ग्राम क्षेत्रान्तर्गत मे जाने ची संभावना-बेलादुला एवं पुराना बेलटिकरी परिसर ।

टीप-आस पास के ग्रामों में कोटवार द्वारा मुनादी करवाया गया है-कोई भी जंगल न जावे।सतर्क रहें,,हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देवें । ग्रामीणों को सुरक्षा की दृष्टि कोण से सतर्क रहने को कहा गया है।

## सुन्दर लाल डडसेना मधुर को मिला शिकसा का उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2024




**शंकर लहरे/ सरायपाली( समय दर्शन )।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी(शिकसा) छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का भव्य आयोजन साहू भवन सारंगढ़ में किया गया।मुख्य अतिथि उत्तरी गणपत जांगड़े विधायक सारंगढ़, अध्यक्षता कौशलेंद्र पटेल प्रांताध्यक्ष शिकसा एवं विशिष्ट अतिथि एल पी पटेल जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़, लोकनाथ टांडेय जिलाध्यक्ष शिकसा, हेमंत साहू महासचिव, विनोद डडसेना उपप्रांताध्यक्ष शिकसा व कार्यक्रम संयोजक महेत्तर देवांगन की उपस्थिति में सुंदर लाल डडसेना मधुर सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला केंदूढार विकासखंड सरायपाली को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा एवं उल्लेखनीय योगदान हेतु उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2024 गुलदस्ता,स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।सुंदर लाल डडसेना मधुर अपने स्कूली बच्चों को अनवरत शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन कार्य नवाचार द्वारा सृजित करते हैं।इनके शैक्षिक व सह-शैक्षिक क्रियाकलापों से बच्चे उत्साहित भाव से अपनी छुपी हुई प्रतिभाओं को उकेरते एवं आभाएं बिखरते रहते हैं। नित नये आयाम लेकर बच्चों में ऊर्जा भरने का कार्य सदैव करते रहते हैं।इनके सतत एवं अनवरत प्रयास से बच्चे प्रयास विद्यालय,राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृति में चयनित हुए हैं।यह पुरस्कार शिक्षा, कला, साहित्य,नवाचार,कबाड़ में जुगाड, स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण, सामुदायिक सहभागिता एवम सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया।पूर्व में भी शैक्षिक उत्कृष्ट कार्य करने हेतु उन्हें कई शैक्षिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यक, अध्यात्मिक व प्रतिष्ठित गैर सरकारी अकादमी मंचों से सम्मानित व अलंकृत हो चुके हैं।

# प्रभारी प्राचार्य और साहू सर को हटाने जिला शिक्षा अधिकारी के अलावा जिले के मुखिया कलेक्टर से हुई शिकायत

**जांजगीर चांपा ( समय दर्शन )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे सर और रोहित कुमार साहू सर को हटाने के लिए विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं का प्रतिनिधि मंडल के रूप में छात्रों ने जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती के अलावा सक्ती जिला के कलेक्टर महोदय से मिलकर उक्त दोनों सर को हटाने की मांग कर ज्ञापन सौंपा है।

गौरतलब है कि नवीन जिला सक्ती के विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा के प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे सर और रोहित कुमार साहू सर के खिलाफ यहां के छात्र एवं छात्राएं ने दोनों सर को हटाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्री नरेंद्र प्रसाद चंद्रा के अलावा जिला के कलेक्टर महोदय श्री अमृत विकास तोपनो सर से विद्यालय के छात्रों के प्रतिनिधि मंडल के रूप में मुलाकात करके ज्ञापन सौंपा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा के छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला के उच्च अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि विद्यालय में पढ़ाई लिखाई नहीं हो रही है। जिसकी शिकायत वहां के प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे सर से किए थे । इसके बावजूद भी जीव विज्ञान ,भूगोल, अंग्रेजी एवं हिंदी




आदि विषय की पढ़ाई नहीं हो रही है तथा रोहित कुमार साहू सर प्रयोगीक में कभी भी प्रेक्टिकल या प्रयोग नहीं कराते एवं नहीं बताते हैं। बोलने पर उल्टे मारने पीटने की धमकी देते हैं। इसके बाद भी कुछ ही दिन पहले प्राचार्य सर ने हमें अर्थात कुछ छात्र को सीसीटीवी कैमरा में तोड़फोड़ किए हो कहकर चोरी के केस में फंसा देने की धमकी दे रहे हैं। जिसके कारण छात्र-छात्राओं को मानसिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में पढ़ाई लिखाई नहीं होने से विद्यालय के लगभग 300 छात्र एवं छात्राएं का भविष्य खराब होने का डर सता रहा है। जिसके कारण यहां के प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे सर और रोहित कुमार साहू सर को यहां से एक सप्ताह के अंदर अन्यत्र हटाने की मांग किए हैं। यहां से नहीं हटाए जाने पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बताया कि यदि उक्त दोनों सर को एक सप्ताह के अंदर विद्यालय से अन्यत्र हटाकर उनके स्थान पर नए सर नहीं लाया जाता है तो स्कूल में ताला लगाकर डभरा - चंद्रपुर से बिर्रा - चांपा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की रहेगी। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो विद्यालय में पढ़ाई लिखाई नहीं होने के कारण छात्र एवं छात्राएं मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान तो है ही, लेकिन इसके बावजूद भी छात्र एवं छात्राएं के माता-पिता ,अभिभावक गण छात्र-छात्राएं के विद्यालय में पढ़ाई लिखाई नहीं होने के कारण बहुत ज्यादा चिंतित नजर आ रहे हैं। अभिभावकों में शिक्षकों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

**रात्रे सर और साहू सर के कारण विद्यालय में हो रहा विवाद** - छात्र एवं छात्राएं के अभिभावकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा के प्रभारी प्राचार्य प्रकाश चंद्र रात्रे सर और रोहित कुमार साहू सर के कारण विद्यालय में आए दिन स्कूल में झगड़ा लड़ाई एवं तनाव पैदा हो रहा है पिछले साल भी बहुत ज्यादा विवाद हुआ था। इसलिए उक्त दोनों सर को यहां से अन्यत्र हटाने की मांग जिला के कलेक्टर महोदय से किए हैं।

शिकायत मिली है उचित कार्रवाई करेंगे।
**नरेंद्र प्रसाद चंद्रा**
**जिला शिक्षा अधिकारी**
**सक्ती**

## सार समाचार

### युवक ने युवती को मारा चाकू

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा मरीन ड्राईव में एक युवक ने एक युवती की चाकू मारकर हत्या कर दी। और खुद भी तेलीबांधा तालाब में कूद गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक का रेस्क्यू किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के तेलीबांधा थानाक्षेत्र स्थित मरीन ड्राईव मे सोमवार शाम एक जागेश्वर नामक युवक ने एक युवती पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। और खुद भी तालाब में कुद गया। मामले की सूचना पर तत्काल मौके पर तेलीबांधा थाना पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम पहुंची और तत्काल घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा तथा रेस्क्यू कर युवक को तालाब से बाहर निकाला । ईधर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती युवकी की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है तथा पुछताछ की जा रही है।

### अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद


**रायपुर( समय दर्शन )।** ग्राम रसनी के राजा ढाबा के पास अज्ञात वाहन युवक को रौंद दिया। जिससे युवक की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राकेश वर्मा 22 वर्ष ग्राम साहू पारा आरंग का रहने वाला था। बताया जाता है कि ग्राम रसनी के राजा ढाबा के पास अज्ञात वाहन ने राकेश को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र से पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 59 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 750 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने नहर पुलिया के पास आरोपी अविनाश माखिजा 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम कनकी मोड़ के पास आरोपी गनपत वर्मा 24 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने ग्राम किरना छोटे पुलिया के पास आरोपी हरक्यूलिस बघेल 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

**राज्य के सभी निजी पैथोलॉजी लैब की एक माह के भीतर सूची तैयार करने के निर्देश, अनियमित लैब को एक साल में कराना होगा नियमितिकरण**

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने सीएमएचओ, सीएस और नोडल अधिकारियों से की समीक्षा



**निजी प्रेक्टिस करने वाले चिकित्सकों को निर्देश, नियम विरुद्ध कार्य करने पर होगी कार्रवाई**

**रायपुर( समय दर्शन )।** स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी जिलों के सीएमएचओ को निर्देश देते हुए कहा है कि वह एक महीने के भीतर अपने जिले में संचालित निजी पैथोलॉजी सेंटर की सूची तैयार करें। उन्होंने यह निर्देशित किया कि इनमें से अनियमित पैथोलॉजी लैब को 1 वर्ष के भीतर नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। यदि इन पैथोलैब के पास वैध दस्तावेज नहीं हैं तो इन्हें आयुष विश्वविद्यालय से डिप्लोमा का कोर्स करने का मौका दिया जाएगा ताकि एक वर्ष के भीतर नियमित हो जाएं। श्री जायसवाल ने शासकीय अस्पतालों में स्थित पैथोलॉजी लैब को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज अपने शंकर नगर स्थित निवास कार्यालय में राज्य के सीएमएचओ, सीएस,नोडल अधिकारी तथा डीपीएम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ , एमडी एनएचएम श्री जगदीश सोनकर तथा एमडी सीजीएमएससी श्रीमती पद्मिनी भोई भी उपस्थित थीं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निजी प्रेक्टिस करने की शिकायतों को लेकर हिदायत दी है। श्री जायसवाल ने कहा है कि शासकीय चिकित्सकों को नियमानुसार भत्ता भी दिया जा रहा है, इसके बाद भी यदि चिकित्सक नियम विरुद्ध कार्य करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि अब शासकीय अस्पतालों से मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर करने के लिए ठोस कारण बताना होगा,उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर रेफर करने के कारणों का रिव्यू भी किया जायेगा और यह पता लगाया जाएगा कि आखिर किन परिस्थितियों में अस्पताल ने मरीज को दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया।

# एसएसपी संतोष सिंह ने कालीबाड़ी में भगवान गणेश के किए दर्शन



**आईएनएस विक्रांत पंडाल बना आकर्षण का केंद्र**

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संतोष सिंह ने रविवार रात कालीबाड़ी स्थित जय भोले ग्रुप गणेशोत्सव समिति के पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन किए। एसएसपी सिंह अपने परिवार के साथ पहुंचे और विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की। गणेशोत्सव के इस पावन अवसर पर कालीबाड़ी के पंडाल में खास तौर पर आईएनएस विक्रांत पोत की प्रतिकृति बनाई गई है, जो भारतीय नौसेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। कालीबाड़ी में हर साल भव्य रूप से सजाए जाने वाले गणेश प्रतिमा और पंडाल ने इस बार भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। आईएनएस विक्रांत की थीम पर बने इस पंडाल में भारतीय नौसेना की वीरता और समर्पण का संदेश दिखाई देता है। यह पंडाल न केवल कालीबाड़ी में बल्कि पूरे अंचल में चर्चा का विषय बन गया है। एसएसपी संतोष सिंह की उपस्थिति के दौरान जय भोले ग्रुप सेवा समिति के कई प्रमुख सदस्य भी मौजूद थे, जिनमें परमानन्द सिंह, कृष्णा साहू, परमवीर सिंह गौतम, अनिल दुबे, रितेश केशरवानी, गुड्डू क्षत्रिय, रोशन सागर बबला भाई, युवा अध्यक्ष लक्ष्य साहू, प्रेम साहू, और रोमा साहू प्रमुख थे। समिति के सदस्यों ने एसएसपी का स्वागत करते हुए गणेशोत्सव की भव्यता और उसकी तैयारी के बारे में जानकारी दी। गणेशोत्सव समिति का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि समाजिक सद्भाव और एकता का प्रतीक भी माना जा रहा है।

# पहुंचविहीन क्षेत्र कस्तुरमेटा पहुंचे मंत्री केदार कश्यप



**रायपुर( समय दर्शन )।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्र कस्तुरमेटा में पहली बार पहुंच कर आमजनों की समस्याएं सुनी और निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कस्तुरमेटा शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम में पहुंच कर बच्चों और माताओं को आशीर्वाद दिया। श्री कश्यप ने गर्भवती माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य, वजन और पोषण की उचित देखभाल हेतु विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया। मंत्री श्री कश्यप ने पुलिस जवानों की अफजाई करते हुए कहा कि नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में 18 से अधिक पुलिस कैंप स्थापित किया गया है, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि नारायणपुर से कस्तुरमेटा तक नियमित रूप से बस सेवा प्रारंभ की जाएगी। स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र सहित सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटकना नही पड़ेगा। इसके लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है। मंत्री श्री कश्यप ने शिविर में आए महिलाओं से महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों से रोजगार की व्यवस्था और मनरेगा के माध्यम से कार्य के बारे में चर्चा किया। मंत्री श्री कश्यप ने ग्रामीणों के मांग पर कुतुल में पानी की समस्या को हल करने का भी भरोसा दिलाया। शिविर में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, एसडीएम अभयजीत मंडावी, तहसीलदार चिराग रामटेके, सौरभ कश्यप, जनपद सीईओ मेघलाल मण्डावी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# एमएमआई हॉस्पिटल के बाद डीकेएस में महिला मरीज के साथ दुर्व्यहार और मारपीट

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी के सरकारी अस्पताल डीकेएस में एक गरीब और बेसहारा महिला मरीज़ के साथ सुरक्षा गार्डों और डॉक्टरों द्वारा दुर्व्यहार और मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता के बच्चे ने मारपीट का वीडियो भी बनाया जिसे सुरक्षा गार्ड द्वारा उसका मोबाइल छीनकर वीडियो भी डीलिट कर दिया गया। आपको बता दें कि दो ही दिन पहले स्व्ध्ढ अस्पताल में मरीज़ के साथ मौत और लूट खसोट का मामला भी सामने आया था। जिसके बाद अब प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डीकेएस में अब एडमिट मरीज़ों के साथ दुर्व्यहार किया जा रहा है और सुरक्षा गार्डों द्वारा पीड़िता मरीज़ बबिता के साथ जमकर मारपीट की गई जा रही है। आपको बता दें कि डीकेएस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में सारी सुविधाएं मगर यहां गंभीर बीमारी से ग्रसित और भर्ती किए गए मरीज़ों के साथ दुर्व्यहार किया जाता है और मरीज़ को महिला वार्ड से धक्के मारकर निकाल दिया जाता है। पीड़िता ने इस मामलें की शिकायत अस्पताल प्रबंधन के अधीक्षक को करती है वहां से उसे कोई न्याय नहीं मिला जिसके बाद पीड़िता ने मामलें की शिकायत रायपुर कलेक्टर से करती है जहां से भी कोई न्याय की उम्मीद नहीं दिखी। आपको बता दें कि दो ही दिन पहले एमएमआई अस्पताल में मरीज़ के साथ मौत और लूट खसोट का मामला भी सामने आया था। जिसके बाद अब प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डीकेएस में अब एडमिट मरीज़ों के साथ दुर्व्यहार किया जा रहा है और सुरक्षा गार्डों द्वारा पीड़िता मरीज़ बबिता के साथ जमकर मारपीट की गई जा रही है। आपको बता दें कि डीकेएस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में सारी सुविधाएं मगर यहां गंभीर बीमारी से ग्रसित और भर्ती किए गए मरीज़ों के साथ दुर्व्यहार किया जाता है और मरीज़ को महिला वार्ड से धक्के मारकर निकाल दिया जाता है। पीड़िता ने इस मामलें की शिकायत अस्पताल प्रबंधन के अधीक्षक को करती है वहां से उसे कोई न्याय नहीं मिला जिसके बाद पीड़िता ने मामलें की शिकायत रायपुर कलेक्टर से करती है जहां से भी कोई न्याय की उम्मीद नहीं दिखी।

### मकान दिलाने के नाम पर 48 लाख की ठगी

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में अनामिका वैष्णव से मकान दिलाने के नाम पर 48 लाख ठग लिए गए। जालसाज ने महिला को डेढ़ महीने के भीतर मकान नहीं दिलाने की स्थिति में रकम दोगुना कर लौटाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला अनामिका वैष्णव ने ऐश्नी होम्स प्राईवेट लिमिटेड के संचालक राकेश मंडल उसकी पत्नी व अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज करवाया है। अनामिका ने पुलिस को बताया है कि राकेश का लालपुर स्थित ऑफिस है। वह अपने परिचित के माध्यम से पिछले वर्ष राकेश से संपर्क किया। राकेश ने अपनी कंपनी को आरडीए से अधिकृत कंपनी बताकर अनामिका को कमल विहार में फ्लैट दिलाने का झांसा दिया। एग्रीमेंट के लिए पैसे भी दे दिए ।ठगी की आशंका होने पर अनामिका ने आरडीए में संपर्क किया तो राकेश द्वारा महज एक लाख रुपये जमा करने की जानकारी मिली। अनामिका के अनुसार राकेश ने इसी तरह से अर्चना गुप्ता नाम की महिला से भी मकान दिलाने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी की है। अनामिका ने पुलिस को बताया है कि राकेश की पत्नी सरिता ने कोर्ट में समझौता करने उनके खिलाफ थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने ठगी करने कूटरचित दस्तावेज और मकान का फोटो दिखाकर उन्हें उन्हें अपने जाल में फंसाया।

**भगवान श्री गणेश के पूजन-हवन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय**



### बार में चला चाकू, डांस के दौरान टकराने पर विवाद, बाउंसरों ने धक्के मारकर बाहर निकाला

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर के डांस बार में चाकूबाजी का मामला सामने आया है। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के इस कैफे में शनिवार रात एक गंभीर विवाद ने तूल पकड़ लिया। डांस फ्लोर पर मामूली टकराहट के बाद विवाद शुरू हुआ, जो जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। गुस्से में आकर एक शख्स ने चाकू निकाल लिया और हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची तेलीबांधा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें चाकूबाजी के साथ-साथ बाउंसरों और ग्राहकों के बीच झगड़ा भी साफदेखा जा सकता है। वीडियो में कैफे के बाउंसर के विवाद में शामिल होते ही हालात और बिगड़ गए। घटना के बाद, तेलीबांधा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कैफे प्रबंधन से भी पूछताछ कर रही है और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। इधर, कैफे प्रबंधन ने इस घटना पर खेद व्यक्त किया है और पुलिस की जांच में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

# जगह-जगह कैमरे लगने से शहर हुआ सुरक्षित : मंत्री लखन लाल देवांगन

**मंत्री देवांगन ने सीसीटीवी कैमरा के इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर का लोकार्पण किया**



**रायपुर( समय दर्शन )।** कोरबा में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निर्मित अपराध रोकथाम एवं विवेचना के लिए स्थापित सीसीटीवी कैमरे के इंटीग्रेटेड कमान और कंट्रोल सेंटर का लोकार्पण वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। कैबिनेट मंत्री द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर (आईसी-3) का फ़ीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह योजना काफी महत्वपूर्ण है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगे कैमरे से निगरानी की जा सकेगी। किसी भी आपदा के समय भी इस सिस्टम के ज़रिए बेहतर काम किया जा सकेगा। अपराध पर और अपराधी इससे नज़र में रहेंगे। शहर भर में लगने वाले विशेष कैमरों के ज़रिए ट्रैफिक सिस्टम तथा अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी और नियंत्रण के लिए यह बेहतर साबित होगा। मंत्री देवांगन ने कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को शहर के मुख्य मार्गों से वार्डों को जोड़ने वाली सड़कों का भी सर्वे कर उन जगहों पर भी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि आईसी-3 के माध्यम से पुलिस शहर के चौक चौराहे की सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी रखेगी। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस को सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से अपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस के द्वारा 6 जोन निर्धारित किया गया है 6 जोन के अलग-अलग चौक चौराहों पर कुल 336 सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। सभी कैमरा को अलग-अलग जोन में रखा गया है जिसमें कोसाबाडी जोन, टीपी नगर जोन, कोरबा जोन, दरी जोन, बालको जोन, सर्वमंगला जोन में कैमरा लगाए गए हैं जिसकी निगरानी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निर्मित आईसी-3 में किया जाएगा। मुख्य चौक चौराहों को चिन्हित कर एएनपीआर (नंबर प्लेट स्कैनिंग कैमरा) को भी लगवाया गया है जिसके माध्यम से नंबर प्लेट को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना में इसके माध्यम से पुलिस को सहायता मिलेगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निर्मित भवन इंटीग्रेटेड कमान और कंट्रोल सेंटर (आईसी-3) में साइबर फॉरेंसिक टूल्स भी स्थापित किए गए है जिस में मोबाइल फॉरेंसिक सॉफ्टवेयर, इमेज वीडियो फॉरेंसिक, कंप्यूटर सिस्टम, सीडीआर एनालिसिस टूल्स, इमेज एंड क्लोनिंग सॉफ्टवेयर, डाटा एनालिसिस सॉफ्टवेयर शामिल है।इन सबके माध्यम से पुलिस को साइबर संबंधी अपराध विवेचना में मदद मिलेगी। आगामी त्यौहारो को मद्देनजर रखते हुए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कोरबा पुलिस के द्वारा 4 चीता स्क्वाड की भी शुरुआत की गई है। जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्य अतिथियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। चार चीता स्क्वाड के माध्यम से शहर के थाना कोतवाली, सिविल लाइन रामपुर, दर्री और मानिकपुर क्षेत्र के गली- गली में जाकर बाईक पेट्रोलिंग से अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस को सहायता मिलेगी। इसके पश्चात अथितियों के द्वारा ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा में यातायात जागरूकता संबंधी स्टेपनी कवर और पोस्टर लगा कर शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि अब चौक चौराहों में फ्लेक्स, पोस्टर आदि लगा कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जायेगा। उसके बाद मुख्य अतिथियों के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर अजीत वसंत भी उपस्तिथ हुए।

## संपादकीय

# वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा

गंभीर और मुश्किल सवालों से उलझने का साहस ना हो, तो फिर हर वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा ही एकमात्र रास्ता बच जाता है। आरजी कर अस्पताल बलात्कार कांड के बाद यही रास्ता ममता बनर्जी की सरकार ने अपनाया है। ममता बनर्जी ने इसे ऐतिहासिक और मॉडल विधेयक कहा है। पश्चिम बंगाल की विधानसभा ने बलात्कार और हत्या के दोषियों को मृत्युदंड का प्रावधान करते हुए इस विधेयक को पारित किया है। इसमें यह भी प्रावधान है कि पुलिस को ऐसे मामलों की जांच पूरी कर 21 दिन के अंदर अपनी पहली रिपोर्ट अदालत में पेश करनी होगी, जिससे मुजरिमों को शीघ्र एवं कठोरतम सजा दिलाना संभव हो जाएगा। इस तरह आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में सियासी तौर पर बुरी तरह घिर गई राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अपने बचाव का एक राजनीतिक कदम उठाया है। दांव कारगर होगा या नहीं, यह तो बाद में जाहिर होगा। लेकिन जो कदम उठाया गया है, वह सिरे से समस्याग्रस्त है। इससे जाहिर हुआ है कि देश में इतना विवेकहीन माहौल बना हुआ है कि इसके बीच गंभीर मसलों पर भी अतीत से सीख लेने और तार्किक विचार-विमर्श में जाने की गुंजाइश बेहद सिकुड़ चुकी है। निर्भया कांड के बाद देश में ऐसे अपराधों के लिए सजा को सख्त बनाया गया था। उसके बाद बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए और भी सख्त पोक्सो जैसा कानून बना। उन अधिनियमों का तजुर्बा क्या है? क्या उनसे जुर्म पर काबू पाने में तनिक भी मदद मिली? ऐसा ना होना दो प्रमुख वजहों से हुआ है। एक तो अपने देश में कानून के मुताबिक सजा सुनिश्चित करने वाली आपराधिक न्याय व्यवस्था बेहद लचर है, इसलिए अच्छे इरादों के बावजूद ठोस परिणाम हासिल नहीं होते। दूसरे, जिन समस्याओं की जड़ें समाज के आर्थिक और सांस्कृतिक ढांचे में हों, उनका समाधान महज कानून बना कर नहीं किया जा सकता। लेकिन इन गंभीर और मुश्किल सवालों से उलझने का साहस ना हो, तो फिर हर वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा ही एकमात्र रास्ता बच जाता है। यही रास्ता ममता बनर्जी की सरकार ने अपनाया है। चूंकि विपक्ष- खासकर भारतीय जनता पार्टी के लिए भी कोलकाता की घटना सिर्फ राजनीतिक लाभ हासिल करने का जरिया है, अत: उसके पास भी कोई सार्थक सुझाव नहीं है। इसीलिए पार्टी ने विधेयक का समर्थन किया है।

# भाजपा और आरएसएस के बीच अंदरूनी मनमुटाव

**ओमप्रकाश मेहता**

भारत के मौजूदा सत्तारूढ़ खेमों में इस बात को लेकर अच्छी खासी चर्चा है कि ऐसी क्या खास वजह पैदा हो गई। जिससे देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी और उसके कथित संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) के बीच अंदरूनी मनमुटाव की स्थिति पैदा हो गई और जिसके कारण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संघ की राष्ट्रीय समन्वयक बैठक में यह कहना पड़ कि- भाजपा को संघ की अब कोई जरूरत नहीं है, अब भाजपा हर तरीके से अपने आपमें सक्षम और आत्मनिर्भर है।'' भाजपाध्यक्ष के इस बयान की देश के राजनीतिक क्षेत्रों में अच्छी खासी चर्चा है और कथन को लेकर मौजूदा और भविष्य के कयासों पर अटकलें तेज है। भाजपाध्यक्ष के इस बयान से संघ स्वयं वाली विस्मित है तथा अब वह अपनी अगली रणनीति को लेकर सजग व सक्रिय हो गया है, संघ प्रमुख केरल के पलक्कड में सम्पन्न इस सम्मेलन के बाद काफी चिंतित और सक्रिय हो गए है, उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने विश्वस्तों के साथ कई बार गंभीर मंत्रणाएं भी की है। अब भाजपाध्यक्ष जगतप्रकाश नड्ड़ा के इस तल्खी भरे बयन के राजनीतिक क्षेत्रों में कई अर्थ निकाले जा रहे है, संघ इस बात को लेकर चिंतित है कि प्रधानमंत्री की मौन स्वीकृति के बिना नड्ड़ा जी ऐसा बयान दे नही सकते और मोदी जी की संघ के प्रति यह मुद्रा क्यों है? यह किसी के भी समझ में नही आ रहा है। भाजपाध्यक्ष ने यह बयान संघ के करीब दस दिन पहले केरल के पलक्कड़ शहर में हुए सम्मेलन में दिया था, बयान तिथि से अब तक के दस दिन के समय में भाजपाध्यक्ष के इस बयान की काफी राजनीतिक सर्जरी हो चुकी है और वह अभी भी जारी है, इस कारण भाजपा और संघ दोनों में ही खलबली मची हुई है। अब ऐसे मौके पर राजनीतिक प्रेक्षकों को मोदी का राजनीतिक इतिहास याद आ रहा है, जब मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए दंगों के बाद अटल जी का सार्वजनिक रूप से मोदी से की गई तल्खी भरी बातचीत और मोदी की दो टूक सफाई इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के इस समय हुए दिल्ली दौरों और अटल-अड़वानी की तत्कालीन राजनीतिक भूमिका व मोदी के प्रति बर्ताव भी इन दिनों राजनीतिक क्षेत्रों में समीक्षा का विषय बना हुआ है और आज प्रधानमंत्री की संघ के प्रति तल्खी को उसी संदर्भ में जांचा परखा जो निकलेगें वे सार्वजनिक हो पाएगें या नही? यह तो फिलहाल कहना मुश्किल है, किंतु यह सही है कि इन परिणामों की प्रतीक्षा सभी को है, संघ को भी और मोदी खेमें को भी। हाँ, तो चर्चा का मुख्य विषय संघ की मौजूदा स्थिति, उसका भाजपा पर असर और दोनों की भावी रणनीति है, अब यहां मौजूदा स्थिति को देखकर यह कहना भी गलत नही होगा कि मोदी और उनकी टोली को संघ की कोई चिंता नही है और यही संघ की चिंता का भी मुख्य कारण है और भाजपाध्यक्ष के स्पष्ट बयान ने तो स्थिति को और भी साफ कर दिया है, अब यदि संघ को अपने आपका अस्तित्व कायम रखना है तो उसे बिना किसी से सहयोग की अपेक्षा रखे खुद को ही इस दिशा में प्रयास करना पड़ेगें और अब यह भी स्पष्ट हो चुका है कि संघ को मोदी से किसी भी प्रकार के सहयोग या आदर भाव की अपेक्षा भी करना बंद कर देना चाहिए, क्योंकि सत्ता के गुरूर में डूबी भाजपा व उसके नेता कई बार संघ को इसी तरह के संकेत दे चुके है, इसलिए अपनी अस्मिता कायम रखने के लिए संघ को ही प्रयास जारी रखना होगें, उसकी मद्द के लिए कोई साथ नही आएगा। अब इस सामयिक चेतावनी को संघ समय रहते समझ ले तो ठीक है, वर्ना मोदी का तो अभी करीब-करीब पूरा ही तीसरा कार्यकाल बाकी है।

# केजरीवाल का इस्तीफा का ऐलान: शराब नीति मामले में 'ईमानदारी' का बचाव या सियासी चाल?

**अजय कुमार**




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में एक ऐसा कदम उठाया है जिसने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। यह निर्णय एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जो न केवल उनकी राजनीतिक छवि को प्रभावित करेगा, बल्कि दिल्ली की राजनीति में भी नया मोड़ ला सकता है।

दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की जमानत मिलने के बाद, उन्होंने 15 सितम्बर को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो दिन बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता उन्हें फिर से चुनकर भेजेगी। यह निर्णय, हालांकि बहुत से लोगों के लिए एक आश्चर्य की बात हो सकता है, लेकिन यह उनकी रणनीतिक सोच का एक हिस्सा है। इस कदम के पीछे उनका उद्देश्य राजनीतिक परिदृश्य में अपनी ईमानदारी की छवि को और मजबूत करना और दिल्ली की राजनीति में अपनी स्थिति को पुन: स्थापित करना है।

अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी ने अन्ना हज़ारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरकर राजनीति में प्रवेश किया था। इस आंदोलन ने उन्हें एक ईमानदार और भ्रष्टाचार विरोधी नेता के रूप में स्थापित किया। आम आदमी पार्टी ने स्वयं को ईमानदारी और पारदर्शिता का प्रतीक माना है। इस संदर्भ में, दिल्ली शराब नीति मामले को लेकर विपक्ष, खासकर बीजेपी, ने लगातार पार्टी और केजरीवाल की छवि पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी ने बार-बार केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की थी और आरोप लगाया था कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है।

हालांकि, केजरीवाल की जमानत के बाद अधिकांश गिरफ्तार किए गए नेताओं को भी जमानत मिल चुकी है, और आम आदमी पार्टी ने इस पर न केवल अपना पक्ष रखा है, बल्कि यह भी दिखाया है कि शराब नीति मामले में कई मुद्दे हैं। पार्टी इस तरह की स्थितियों को जनता के बीच यह संदेश देने के लिए उपयोग कर रही है कि यह मामला राजनीति से प्रेरित हो सकता है और नेताओं को गलत तरीके से फंसाने की कोशिश की जा रही है। इस दृष्टिकोण से, केजरीवाल का इस्तीफा एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है, जो उनकी पार्टी के नैरेटिव को मजबूत करने का प्रयास है।

केजरीवाल ने अपने इस्तीफे के फैसले के साथ यह भी कहा है कि उनके पास केवल उनकी ईमानदारी है, और उनके बैंक खाते खाली हैं। उन्होंने यह तर्क किया कि उनका उद्देश्य कभी भी पद और धन के लालच से प्रेरित नहीं रहा। इसके बजाय, उनका प्राथमिक उद्देश्य देश और समाज की सेवा करना है। उनके अनुसार, उनका यह निर्णय जनता के अदालत में अपनी ईमानदारी का परीक्षण कराने का एक तरीका है। वे जनता से यह पूछना चाहते हैं कि क्या वे उन्हें ईमानदार मानते हैं या गुनहगार।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए जमानत आदेश के तहत, केजरीवाल को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी गई है। उनमें से एक यह है कि वह अपने दफ्तर या सचिवालय में नहीं जा सकते और केवल उन फाइलों पर साइन कर सकते हैं जिन्हें उपराज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा जाना है। इस स्थिति में, केजरीवाल को दिल्ली में अपनी कार्यशैली और प्रशासनिक स्वतंत्रता को लेकर सीमित जगह मिल रही है। इसके चलते, उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया और विधानसभा भंग करने की सिफारिश की है ताकि जल्दी चुनाव कराए जा सकें।

केजरीवाल ने यह भी मांग की है कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 के बजाय नवंबर 2024 में कराए जाएं। उनका मानना है कि नवंबर में महाराष्ट्र और झारखंड के साथ चुनाव कराने से बीजेपी को इन राज्यों की सियासत में व्यस्त रहना पड़ेगा और दिल्ली विधानसभा चुनाव पर ध्यान नहीं दे पाएगी। इस रणनीति का उद्देश्य आम आदमी पार्टी को सियासी लाभ दिलाना है और बीजेपी को अपनी चुनावी योजनाओं पर फिर से विचार करने पर मजबूर करना है।

अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा एक तरह से बीजेपी और कांग्रेस को भी हैरत में डालने वाला है। खासकर हरियाणा में विधानसभा चुनावों के समय केजरीवाल का इस्तीफा और उनका राजनीतिक सन्देश यह दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी किसी भी राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाने के लिए तत्पर है। केजरीवाल के इस्तीफे के साथ-साथ मनीष सिसोदिया ने भी चुनाव तक किसी भी पद को ग्रहण नहीं करने का निर्णय लिया है, जो इस बात को प्रमाणित करता है कि पार्टी अपनी ईमानदारी की छवि को बनाए रखने के लिए गंभीर है।

इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान, केजरीवाल ने भी कुछ प्रमुख राजनीतिक दांव खेले थे और बीजेपी के नेताओं को सफाई देने के लिए मजबूर किया था। अब, हरियाणा और अन्य राज्यों में चुनाव के साथ, केजरीवाल का यह कदम निश्चित रूप से राजनीतिक पिच पर नया मोड़ ला सकता है। उनके इस्तीफे के साथ, वे दिल्ली की राजनीति में एक नया नैरेटिव सेट करने के लिए तैयार हैं, जिससे यह साबित हो सके कि उनकी पार्टी और वे व्यक्तिगत रूप से ईमानदारी और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

# क्या राहुल विदेश जाकर भारत को कर रहे बदनाम ?

**अजय दीक्षित**



पिछले दिनों राहुल गांधी तीन-चार दिन के लिए अमरीका गये थे । वहां उन्होंने अपने अनेक इंटरव्यू में मोदी जी की जमकर आलोचना की । इस पर भाजपा के सारे प्रवक्ता, वर्तमान और पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा समर्थक टी.वी. चैनल राहुल गांधी की जमकर आलोचना कर रहे हैं ।

असल में आज इण्टरनेट, व्हाट्सएप और अनेक अन्य प्रकार की मोबाइल और कम्प्यूटर के द्वारा एक स्थान के समान्तर दुनिया के सारे हिस्सों में तत्काल पहुंच जाते हैं हम उसे लाइव ही कहेंगे । राहुल गांधी इस बार अधिकृत रूप से विपक्ष के लीडर ऑफ अपोजिशन हैं । यूं बहुतों का मानना है कि राहुल गांधी कोई ज्यादा बड़े चिंतक नहीं हैं । उन्होंने कानून (लॉ), राजनीतिक या अर्थशास्त्र की विधिवत शिक्षा नहीं ली है । ऑक्सफोर्ड या कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों में कुछ ऑडिट कोर्स होते हैं यानि आप उन भाषणों को सुनते हैं और सर्टिफिकेट मिल जाता है । कोई परीक्षा नहीं होती । इन कोर्सों की कोई कीमत नहीं है । हम नहीं जानते कि राहुल गांधी कोई ओरिजिनल पुस्तकें पढ़ते होंगे? यूं उनकी इंग्लिश बहुत अच्छी है । अच्छी अंग्रेजी बोल लेते हैं और पढ़ भी सकते होंगे । कुछ लिखते भी हैं, ऐसा देखने में नहीं आया है । उनकी कोई चिन्तनशील किताब नहीं आई है । नीतिपरक कोई लेख उनके भारत के या विदेशों के अखबारों में छपे हैं, ऐसा देखने को नहीं मिला है ।

अब जब ट्रांसमिशन इतना आसान और तत्काल हो गया है तो फिर राहुल गांधी देश में क्या कहते हैं और विदेश में इससे क्या फर्क पड़ता है? परन्तु भाजपा के प्रवक्ता और टी.वी. चैनल विपक्ष की आलोचना के अलावा और कर भी क्या सकते हैं? टी.वी. चैनलों पर बहस बेकार की बात है । परन्तु चौबीस घण्टे का टी.वी. और कर भी क्या सकता है । अत: टी.वी. चैनलों के एंकर सत्ता पक्ष की कृपा दृष्टि के लिए सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता की भांति बोलते हैं जबकि एंकर को निष्पक्ष रहना चाहिए । उसको प्रोग्राम को मौटोरेट करना है । अपना पक्ष नहीं । पर कौन किसे समझाये ? विपक्ष का कहना है कि मोदी जी ने भी विदेशी धरती पर पिछली पूर्व सरकारों की जमकर आलोचना करते हैं । राज्यसभा में उनका वक्तव्य कि बरसाती पहनकर नहाने की कला कोई डॉक्टर साहब से पूछे । यह मनमोहन सिंह पर व्यंग था । यह वक्तव्य अमरीका और इंग्लैण्ड के कई प्रतिष्ठित अखबारों में छपा था । इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदीजी ने नेहरू की जमकर आलोचना की थी । अब वे 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाते हैं और इन्दिरा गांधी की आलोचना करते हैं । संविधान विशेषज्ञों का कहना है कि इमरजेंसी लगाना और ज्यादती करना गलत था, परन्तु यह इमरजेंसी भारत के संविधान के तहत ही लगाई गई थी जिसे तत्कालीन राष्ट्रपति ने अप्रूव किया था ! विपक्ष का कहना है कि मोदी जी जिस संविधान को माथे से लगते हैं, उसमें इतने संशोधन क्यों हुये ? मोदी जी के कार्यकाल में भी संविधान में संशोधन हुए हैं ! भारत की जनता अनपढ़ हो सकती है, वह आज की राजनीति के दांव पेंच नहीं जानती, पर वोट समझ बूझकर देती है । सभी सारी एजेन्सियों की रिपोर्ट के बावजूद इन्दिरा गांधी उत्तर प्रदेश में 85 सीटों पर हार गई और अपनी हार भी नहीं बचा पाई ।

असल में पक्ष और विपक्ष का लक्ष्य क्या है? देश की तरक्की? तो हो सकता है सत्ता पक्ष के लिए इसका रास्ता कोई और हो और विपक्ष के लिए कोई और । परन्तु दोनों का लक्ष्य तो एक ही है । इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि मोदी जी के ग्यारह वर्षों में भारत ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व तरक्की की है । यह भी सत्य है कि उतना विकास अन्य प्रधानमंत्री के कार्यकाल में नहीं हुआ । परन्तु तब की परिस्थिति क्या थी, यह भी देखना चाहिए ।

असल में चाहे देश हो या विदेश परस्पर आलोचना भी नीति परक होना चाहिए । ठोस नीति पर आधारित शायद इसके लिए पक्ष और विपक्ष दोनों जिम्मेदार हैं । हमें आशा है मोदी जी इस और अपनी उदारतावश कोई रास्ता निकालेंगे ताकि परस्पर आलोचना में संसद का समय जाया न हो । आज आम आदमी बेरोज़गारी, मंहगाई, बढ़ते अपराध और इंटरनेट क्राइम से परेशान है । पक्ष और विपक्ष दोनों को आम जनता की फिक्र होनी चाहिए । यही कल्याण का मार्ग है ।

# इंडिया गठबंधन के हर दल को ध्यान रखना होगा

**विनीत नारायण**

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के पिछले कुछ अनुभव अच्छे नहीं रहे। इसलिए और भी सावधानी बरतनी होगी। क्योंकि अखिलेश यादव में इतना बड़प्पन है कि वे अपनी कटु आलोचक 卐बुआजी卐 बहन मायावती से भी संबंध सुधारने में सद्भावना से पहल कर रहे हैं। यही नीति ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, शरद पवार व लालू यादव आदि को भी अपनानी होगी। तभी ये सब दल भारतीय लोकतंत्र को मज़बूत बना पायेंगे।

जून 2024 के चुनाव परिणामों के बाद राहुल गांधी का ग्राफ काफ़ी बढ़ गया है। बेशक इसके लिए उन्होंने लम्बा संघर्ष किया और भारत के आधुनिक इतिहास में शायद सबसे लम्बी पदयात्रा की। जिसके दौरान उन्हें देशवासियों का हाल जानने और उन्हें समझने का अच्छा मौक़ा मिला। इस सबका परिणाम यह है कि वे संसद में आक्रामक तेवर अपनाए हुए हैं और तथ्यों के साथ सरकार को घेरते रहते हैं। किसी भी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए पक्ष और विपक्ष दोनों का मज़बूत होना ज़रूरी होता है। इसी से सत्ता का संतुलन बना रहता है और सत्ताधीशों की जनता के प्रति जवाबदेही संभव होती है। अन्यथा किसी भी लोकतंत्र को अधिनायकवाद में बदलने में देर नहीं लगती।

आज राहुल गांधी विपक्ष के नेता भी हैं। जो कि भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के अन्तर्गत एक अत्यंत महत्वपूर्ण पद है। जिसकी बात को सरकार हल्के में नहीं ले सकती। इंग्लैंड, जहां से हमने अपने मौजूदा लोकतंत्र का काफ़ी हिस्सा अपनाया है, वहाँ तो विपक्ष के नेता को %शैडो प्राइम मिनिस्टर' के रूप में देखा जाता है। उसकी अपनी समानांतर कैबिनेट भी होती है, जो सरकार की नीतियों पर कड़ी नज़र रखती है। ये एक अच्छा मॉडल है जिसे अपने सहयोगी दलों के योग्य नेताओं को साथ लेकर राहुल गांधी को भी अपनाना चाहिए। आपसी सहयोग और समझदारी बढ़ाने के लिए, ये एक अच्छी पहल हो सकती है।

राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाने में %इंडिया गठबंधन' के सभी सहयोगी दलों, विशेषकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बहुत बड़ी भूमिका रही है। उत्तर प्रदेश से 37 लोक सभा सीट जीत कर अखिलेश यादव ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनने का आधार प्रदान किया। आज समाजवादी पार्टी भारत की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। ऐसे में अब राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का ये नैतिक दायित्व है कि वे भी अखिलेश यादव जैसी उदारता दिखाएं जिसके कारण कांग्रेस को रायबरेली और अमेठी जैसी प्रतिष्ठा की सीटें जीतने का मौक़ा मिला। वरना उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन और जनाधार के मामले में बहुत पीछे जा चुकी थी। अब महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव हैं, जहां कांग्रेस सबसे बड़े दल की भूमिका में हैं। वहाँ उसे समाजवादी पार्टी को साथ लेकर चलना चाहिए और दोनों राज्यों के चुनावों में समाजवादी पार्टी को भी कुछ सीटों पर चुनाव लड़वाना चाहिए। महाराष्ट्र में तो समाजवादी पार्टी के दो विधायक अभी भी थे। हरियाणा में भी अगर कांग्रेस के सहयोग से उसके दो-तीन विधायक बन जाते हैं तो अखिलेश यादव को अपने दल को राष्ट्रीय दल बनाने का आधार मिलेगा। इससे दोनों के रिश्ते प्रगाढ़ होंगे और %इंडिया गठबंधन' भी मज़बूत होंगे।

स्वाभाविक सी बात है कि कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं को इस रिश्ते से तक़लीफ़ होगी। क्योंकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का उत्तर प्रदेश में वोट बैंक एक सा है। ये नेता पुराने ढर्रे पर चलकर समाजवादी पार्टी के जनाधार पर निगाह गढ़ाएँगे। पर ऐसी हरकत से दोनों दलों के आपसी संबंध बिगड़ेंगे और बहुत दूर तक साथ चलना मुश्किल होगा। इसलिए %इंडिया गठबंधन' के हर दल को ये ध्यान रखना होगा कि जिस राज्य में जिस दल का वर्चस्व है वो वहाँ नेतृत्व संभले पर, साथ ही अपने सहयोगी दलों को भी साथ खड़ा रखे।

विशेषकर उन दलों को जिनका उन राज्यों में कुछ जनाधार है। इससे गठबंधन के हर सदस्य दल को लाभ होगा। राहुल गांधी को ये सुनिश्चित करना होगा कि उनके सहयोगी दल %इंडिया गठबंधन' में अपने को उपेक्षित महसूस न करें। इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी के बाद सबसे बड़ा क़द अखिलेश यादव का है। अखिलेश की शालीनता और उदारता का उनके विरोधी दलों के नेता भी सम्मान करते हैं। ऐसे में अखिलेश यादव को पूरा महत्व देकर राहुल गांधी अपनी ही नींव मज़बूत करेंगे।

हालाँकि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के पिछले कुछ अनुभव अच्छे नहीं रहे। इसलिए और भी सावधानी बरतनी होगी। क्योंकि अखिलेश यादव में इतना बड़प्पन है कि वे अपनी कटु आलोचक बुआजी बहन मायावती से भी संबंध सुधारने में सद्भावना से पहल कर रहे हैं। यही नीति ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, शरद पवार व लालू यादव आदि को भी अपनानी होगी। तभी ये सब दल भारतीय लोकतंत्र को मज़बूत बना पायेंगे।

यही बात भाजपा पर भी लागू होती है। %सबका साथ-सबका विकास' का नारा देकर भाजपा क्षेत्रीय दलों के साथ एनडीए गठबंधन चला रही है। पर भाजपा का पिछले दस वर्षों का ये इतिहास रहा है कि उसने प्रांतों की सरकार बनाने में जिन छोटे दलों का सहयोग लिया, कुछ समय बाद उन्हीं दलों को तोडने् का काम भी किया। इससे उसकी नीयत पर इन दलों को संदेह बना रहता है। पिछले दो लोक सभा चुनावों में भाजपा अपने बूते पर केंद्र में सरकार बना पाई। पर 2024 के चुनाव परिणामों ने उसे मिलीजुली सरकार बनाने पर मजबूर कर दिया।

पर अब फिर वही संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा का नेतृत्व, तेलगुदेशम, जदयू व चिराग़ पासवान के दलों में सेंध लगाने की जुगत में हैं। अगर इस खबर में दम है तो ये भाजपा के हित में नहीं होगा। जिस तरह सर्वोच्च न्यायालय ने जाँच एजेंसियों के तौर-तरीक़ों पर लगाम कसनी शुरू की है, उससे तो यही लगता है कि डरा-धमका कर सहयोग लेने के दिन लद गए। भाजपा को अगर केंद्र में सरकार चलानी है या आगामी चुनावों में भी वो राज्यों की सरकारें बनाना चाहती है तो उसे ईमानदारी से 卐सबका साथ-सबका विकास卐 की नीति पर चलना होगा।

हमारे लोकतंत्र का ये दुर्भाग्य है कि जीते हुए सांसद और विधायकों की प्राय~ बोली लगाकर उन्हें ख़रीद लिया जाता है। इससे मतदाता ठगा हुआ महसूस करता है और लोकतंत्र की जड़ें भी कमज़ोर होती हैं। 1967 से हरियाणा में हुए दल-बदल के बाद से %आयाराम-गयाराम' का नारा चर्चित हुआ था। अनेक राजनैतिक चिंतकों और समाज सुधारकों ने लगातार इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने की माँग की है। पर कोई भी दल इस पर रोक लगाने को तैयार नहीं है। जबकि होना यह चाहिए कि संविधान में परिवर्तन करके ऐसा क़ानून बनाया जाए कि जब कोई उम्मीदवार, लोक सभा या विधान सभा का चुनाव जीतता है तो उसे उस लोक सभा या विधान सभा के पूरे कार्यकाल तक उसी दल में बने रहना होगा जिसके चुनाव चिन्ह पर वो जीत के आया है। अगर वो दूसरे दल में जाता है तो उसे अपनी सदस्यता से इस्तीफ़ा देना होगा। तभी इस दुष्प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। सभी दलों को अपने हित में इस विधेयक को पारित कराने के लिए एकजुट होना होगा।





# नींद की कमी करा सकती है मौत से मुलाकात

**आज की तेज भागती जिंदगी में लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि वो पूरी नींद लेना तक भूल जाते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक व्यस्क को औसतन 6 से 8 घंटे की नींद लेना जरूरी होता है। लेकिन कम नींद लेने और अनियमित नींद लेने के कारण लोगों को स्वास्थ्य की अनेक समस्याएं उत्पन्न होने लगी हैं। अनियमित नींद के कारण होने वाली स्वास्थ्य की एक बड़ी समस्या कार्डियोवैस्कुलर बीमारी है।**

नींद के कई महत्वपूर्ण कार्य होते हैं, जिनमें से एक है पूरे शरीर को सुकून देकर उसे रिकवर करना। नींद के दौरान हृदय की धड़कन और ब्लड प्रेशर स्थिर हो जाते हैं क्योंकि सांस की गति स्थिर और नियमित हो जाती है, जिससे शरीर और हृदय को आराम मिलता है, और वो फिर से रिकवर हो जाते हैं। लेकिन यदि नींद अनियमित हो, तो हृदय और शरीर ठीक से रिकवर नहीं कर पाते और हाईपरटेंशन, कार्डियेक बीमारी, हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है।

## इन वजहों से पूरी नहीं हो पाती व्यक्ति की नींद

**अनिद्रा :** इस स्थिति में व्यक्ति को नींद नहीं आती है, या फिर वह लंबे समय तक नींद में नहीं रह पाता है। इस स्थिति की वजह से उसे लंबे समय तक नींद की कमी हो जाती है, और उसका तनाव बढ़ जाता है।

**स्लीप एप्निया :** नींद के इस विकार में नींद के दौरान व्यक्ति की सांस बार-बार रुक जाती है। इस स्थिति में व्यक्ति नींद के दौरान समय-समय पर सांस लेना बंद कर देता है। इस स्थिति में सांस की नली में रुकावट होने या उसके बंद हो जाने के कारण ऑक्सीजन फेफड़ों में नहीं पहुंच पाती, और व्यक्ति तेजी से खर्राटे लेने लगता है, या हांफने लगता है।

## खराब नींद और दिल की बीमारी का संबंध

जो व्यस्क रोज रात को 7 घंटे से कम समय तक सोते हैं, उन्हें हृदय रोगों के होने की संभावना ज्यादा होती है। इनमें से कुछ रोगों की वजह से हार्ट अटैक या स्ट्रोक पड़ सकता है। अपर्याप्त नींद के कारण हृदय को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने वाली अन्य समस्याएं हैं :

## मोटापा

नींद पूरी न होने पर वजन में अस्वास्थ्यकर वृद्धि हो सकती है। यह खासकर बच्चों और किशोरों में होता है, जिन्हें व्यस्कों के मुकाबले ज्यादा नींद की जरूरत होती है। नींद की कमी से दिमाग का वह हिस्सा प्रभावित होता है, जो भूख को नियंत्रित करता है, जिससे हृदय की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

## खराब मेटाबॉलिज्म

नींद के विकार से शरीर का मेटाबोलिज़्म बिगड़ सकता है, जिससे इंसुलिन की रज़िस्टैंस और मोटापा उत्पन्न हो सकते हैं। ये चीजें कोरोनरी आर्टरी डिज़ीज़ और हार्ट फेल्योर जैसी कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों के विकास के मुख्य कारण होते हैं।

## हाई ब्लड प्रेशर



नींद के विकार, खासकर स्लीप एप्निया की वजह से हाई ब्लड प्रेशर हो सकता है। नींद के दौरान बार-बार सांस के रुक जाने के कारण शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जिससे 'फाईट-या-फ्लाईट' प्रतिक्रिया एक्टिवेट हो जाती है, और हृदय की धड़कन एवं ब्लड प्रेशर बढ़ जाते हैं। इस वजह से आगे चलकर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है।

## छाती के अंदर बाहरी दबाव

जब ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एप्निया (ओएसए) से पीड़ित व्यक्ति सांस लेने की कोशिश करता है, तब उसकी ऊपरी सांस की नली संकरी हो जाती है या बंद हो जाती है। इन अप्रभावी और जबरदस्ती ली गई सांसों से चेस्ट कैविटी के दबाव में भारी परिवर्तन हो सकता है। इंट्राथोरेसिक दबाव में बार-बार होने वाले इन परिवर्तनों से आगे चलकर हृदय क्षतिग्रस्त हो सकता है।

## लाइफस्टाइल का खराब होना

जिन लोगों को नींद की समस्याएं होती हैं, उनका रूझान खराब व नुकसानदायक जीवनशैली, जैसे खराब आहार, अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि, अत्यधिक मदिरा सेवन या तम्बाकू की ओर बढ़ जाता है। इन आदतों से व्यक्ति में कार्डियोवैस्कुलर रोग का जोखिम बढ़ जाता है। नींद में कमी से व्यक्ति का पूरा स्वास्थ्य, खासकर हृदय का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। आज की दुनिया में जब लोग जो करना चाहते हैं, उसके लिए समय निकाल लेते हैं, तो उन्हें अपनी नींद को भी नहीं भूलना चाहिए। पर्याप्त नींद की मदद से व्यक्ति हृदय और मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकता है क्योंकि इससे शरीर फिर से रिकवर करके अगली गतिविधियों को करने के लिए ऊर्जा प्राप्त करता है। नींद के विकारों के लक्षणों को पहचानकर और उनका इलाज कराके कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं का जोखिम काफी कम किया जा सकता है।



# दिल को न ले डूबे पतले होने की जल्दबाजी

**पिछले दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति ट्रेडमिल पर भाग रहा था और अचानक वह नीचे गिर जाता है। बाद में पता चलता है कि उसे सडन कार्डिएक अरेस्ट आया था, जोकि हार्ट अटैक का ही एक रूप है। यह अकेला वीडियो नहीं था। इससे पहले भी कई वीडियो वायरल हो चुके, जिनमें कई लोग नाचते हुए नीचे गिर गए। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि जिम या कोई ऐसी ऐक्टिविटी करने से जिसमें आपकी हर्ट बीट अधिक बढ़ने लगती है, उस दौरान क्या करना चाहिए।**

ऐसा नहीं है कि भारत में अचानक से हार्ट अटैक या कार्डिएक अरेस्ट के मामले बढ़े हैं। सोशल मीडिया की वजह से वीडियो वायरल हो जाते हैं। हालांकि, युवाओं में इस तरह की घटना पहले कम देखने को मिलती थीं। अब इस तरह की घटना अधिक देखने को मिल रही हैं। इसकी वजह कई हैं, जिसमें से एक अचानक हैवी एक्सरसाइज करना है। दरअसल, एक्सरसाइज के नाम पर हम सब जिम जाते हैं और फिर हेवी एक्सरसाइज करने लगते हैं। लेकिन, कई बार इसके लिए हमारा दिल तैयार नहीं होता। यह भी कह सकते हैं कि दिल में पहले से ही समस्या होती है। नजरअंदाज करने की वजह से हैवी एक्सरसाइज करते समय वह कार्डिएक अरेस्ट का रूप ले लेती है। सडन कार्डिएक अरेस्ट को मेडिकल टर्म में इलेक्ट्रिकल प्रॉब्लम के रूप में देखा जाता है, जिसमें आपकी हार्ट बीट सामान्य तरीके से नहीं चलती, जबकि हार्ट अटैक ब्लड सर्कुलेशन की समस्या है, जिसमें आर्टरी ब्लॉक हो जाती है और खून के प्रवाह में दिक्कत होती है।

## सडन कार्डिएक अरेस्ट का जेनेटिक कनेक्शन

सडन कार्डिएक अरेस्ट की वजह कई हैं, जिनमें से एक जेनेटिक भी है। अगर किसी की फैमिली में अटैक की हिस्ट्री है, उन्हें अपने सालाना हेल्थ टेस्ट में ईसीजी को भी शामिल करना चाहिए। कार्डियोमायोपैथी और जेनेटिक अर्थेमिया की वजह से सडन कार्डिएक अरेस्ट होने का जोखिम रहता है। 35 साल से कम उम्र के व्यक्ति को अटैक आ रहा है, तो उसे पहले से ही कंजेनिटल हार्ट डिजीज और हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी बीमारी हो सकती है। ये अधिक एक्सरसाइज करने से बढ़ जाती है और फिर मौत हो जाती है। 35 साल से कम उम्र के लोगों में भी कोरोनरी आर्टरी डिजीज काफी कॉमन है। फैमिली में हिस्ट्री हो तो जीनोमिक सिक्वेंसिंग टेस्ट से भी पता लगाया जा सकता है।

## कार्डियो डॉक्टर से जरूर लें सलाह

कई लोग अचानक से वजन कम करने के चक्कर में एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले जिम का रुख करते हैं। ऐसे में जिन लोगों को दिल की बीमारी होती है मगर इसका पता नहीं होता, वे लोग सडन कार्डिएक अरेस्ट का शिकार बन जाते हैं। ऐसा कहा जा सकता है कि लोगों में अभी-भी जागरूकता की कमी है। ऐसे में जरूरी है कि लोग एक्सरसाइज शुरू करने से पहले कार्डियो डॉक्टर से जरूर मुलाकात करें। साथ ही एक्सरसाइज शुरू करने से पहले ईसीजी जरूर कराएं, ताकि आपको पता चल सके कि आपकी हार्ट बीट नॉर्मल है या नहीं। साथ ही हैवी एक्सरसाइज करने से पहले बॉडी को तैयार करना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि आप वॉकिंग और स्ट्रेचिंग से शुरुआत करें, न कि जिम जाकर हैवी वजन उठाएं।

### कैसे बचाव करें?

- मॉडरेट एरोबिक एक्सरसाइज दिल के लिए अच्छी हैं।
- सप्ताह में 4 से 5 दिन एक्सरसाइज करें और दो दिन आराम करें।
- अगर एक्सरसाइज के दौरान चेस्ट में दर्द और कंधे में दर्द हो रहा है, तो एक्सरसाइज न करें।
- बॉडी बनाने वाली दवाओं का सेवन ना करें।
- जरूरी नहीं कि एक घंटा या दो घंटे तक एक्सरसाइज करें, सिर्फ आधा घंटा भी काफी होता है।

## पहले अटैक आ चुका है तो...


जिन लोगों को एक बार अटैक आ चुका है, उन्हें दोबारा भी अटैक आने का रिस्क हो सकता है। ऐसे में मरीज अपनी दवाएं समय से लें। साथ ही कार्डिएक रिहेबिलिटेशन से जुड़ें। यहां पर हार्ट के मरीजों को बीमारी के बारे में जानकारी दी जाती है। साथ ही एक्सरसाइज कराई जाती है। यह भी बताया जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को पब्लिक प्लेस में अचानक से अटैक आ जाए, तो किस तरह प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

## किन्हें है अधिक खतरा और जरूरी टेस्ट

जिन लोगों के माता या पिता की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई हो, उन्हें अपने दिल का अधिक ख्याल रखना चाहिए। इसके साथ क्रॉनिक किडनी डिजीज, हाई बीपी, डायबिटीज और पेरीफेरल आर्टरी डिजीज के मरीजों को भी अधिक खतरा रहता है। ऐसे लोग फिजिकल एग्जाम, ब्लड टेस्ट, ईसीजी, कोरोनरी एंजियोग्राफी, सीटी स्कैन, एक्सरसाइज स्ट्रेस टेस्ट, एमआरआई को रूटीन चेकअप में शामिल कर सकते हैं।



# कैल्शियम से ज्यादा जरूरी है विटामिन डी




अगर आप मजबूती से खड़े हैं या सीधा चल पा रहे हैं तो इसमें सबसे ज्यादा योगदान आपकी हड्डियों का है। अगर हड्डियों का ढांचा अपनी मजबूती खो देगा तो आपका खड़ा होना, बैठना, चलना, सबकुछ नामुमकिन हो जाएगा। हड्डियां आपके अंगों को चोट से बचाने का काम भी करती हैं। लोगों को लगता है कि हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम सबसे जरूरी पोषक तत्व है। मगर क्या आपको पता है कि इस मिनरल से ज्यादा जरूरी विटामिन डी होता है। जिसकी वजह से शरीर कैल्शियम का इस्तेमाल कर पाता है, वरना आपके खाने में मौजूद सारा कैल्शियम बेकार हो जाता है।

## हड्डियों से लेकर दिमाग तक चाहिए विटामिन डी

हड्डियां, दांत, मसल्स, दिमाग समेत सभी अंगों के लिए यह विटामिन जरूरी होता है। विटामिन डी की कमी से फैक्चर का खतरा बढ़ना, मसल्स में दर्द, हड्डियां-जोड़ों का मुड़ना, थकान, डिप्रेशन जैसे लक्षण दिखते हैं। कैल्शियम के अलावा यह फॉस्फेट के अवशोषण में भी मदद करता है, जो कि डीएनए, आरएनए, सेल मेंब्रेन और प्रोटीन के लिए बहुत जरूरी होता है।

## ये मछलियां देंगी हद से ज्यादा विटामिन डी

इसे सनसाइन विटामिन भी कहा जाता है, क्योंकि धूप इसका बेस्ट सोर्स है। मगर कई वजहों से आजकल धूप लेना मुश्किल हो गया है, इसलिए आप फैटी फिश को डाइट में शामिल करें। सैल्मन, सार्डिन, मैकरेल, टूना जैसी मछलियों में विटामिन डी, ओमेगा फैटी एसिड, प्रोटीन और अनगिनत फायदे छिपे होते हैं।

## शाकाहारी खा सकते हैं मशरूम

विटामिन डी के लिए वेजिटेरियन फूड भी हैं, जिन्हें खाकर हड्डियां और दिमाग मजबूत किया जा सकता है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, मशरूम में नेचुरल विटामिन डी होता है, जिसे ज्यादा रिस्क वाले लोगों को जरूर खाना चाहिए। यह कोलेस्ट्रॉल कम करके दिल को हेल्दी रखने में भी मदद करता है।

## एग योल्क

अगर अंडे का व्हाइट पार्ट प्रोटीन का बेस्ट सोर्स है तो पीला भाग यानी योल्क विटामिन डी जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट देता है। शोध कहता है कि इसमें सनसाइन विटामिन के अलावा विटामिन ए, विटामिन ई, विटामिन के, विटामिन बी1, विटामिन बी2, विटामिन बी5, कोलीन और भी कई सारे पौष्टिक फायदे होते हैं।

## फोर्टिफाइड डेयरी प्रॉडक्ट

लोगों में विटामिन डी की कमी रोकने के लिए मार्केट में ऐसे फूड्स में इसे अलग से मिलाया जाता है, जिन खाद्य पदार्थों का सेवन आसानी से और बड़े स्तर पर किया जाता है। इन्हें फोर्टिफाइड फूड्स कहा जाता है, जिनमें फोर्टिफाइड दूध, दही आदि डेयरी प्रॉडक्ट्स सबसे पहली पसंद होते हैं।

## फोर्टिफाइड जूस

दूध के अलावा संतरे के जूस में भी फोर्टिफाइड करके विटामिन डी डाला जाता है। इसे पीने से विटामिन सी, कैल्शियम, प्रोटीन जैसे सारे बड़े पोषक तत्व मिल जाते हैं। ये शरीर के सारे हिस्सों को मजबूती देने के साथ कामकाज बढ़ाने में भी मदद करते हैं।

**हड्डियां आपके अंगों को चोट से बचाने का काम भी करती हैं। लोगों को लगता है कि हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम सबसे जरूरी पोषक तत्व है। मगर क्या आपको पता है कि इस मिनरल से ज्यादा जरूरी विटामिन डी होता है। जिसकी वजह से शरीर कैल्शियम का इस्तेमाल कर पाता है, वरना आपके खाने में मौजूद सारा कैल्शियम बेकार हो जाता है।**

# हार्ट से लेकर अस्थमा जैसी समस्याओं में रामबाण है मरजोरम



भारत में पुराने जमाने से ही प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल इलाज और उपचार के लिए किया जा रहा है। आयुर्वेद में ऐसे हजारों जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक पौधों का जिक्र किया गया है, जिनके इस्तेमाल से शरीर की कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा पाने में फायदा मिलता है। मरजोरम भी इन्हीं में से एक लोकप्रिय जड़ी-बूटी है। आयुर्वेद मरजोरम को बहुत ही शक्तिशाली औषधि मानता है, इसका इस्तेमाल हार्ट से लेकर अस्थमा जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में भी किया जाता है। मरजोरम का वैज्ञानिक नाम ओरिगैनम माइजोराना है और आम भाषा में इसे नॉटेड मरजोरम, ओरगेनो जैसे नामों से जाना जाता है। इसका इस्तेमाल सदियों से कई गंभीर बीमारियों के इलाज में किया जा रहा है।

## एंटी-ऑक्सीजन गुणों से भरपूर

मरजोरम टेरपेन जैसे दुर्लभ एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होते हैं, जिसका इस्तेमाल करने से कई गंभीर परेशानियों में फायदा मिलता है। इसमें मौजूद गुण शरीर को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में मदद करते हैं और एजिंग की वजह से होने वाली समस्याओं में मदद करते हैं।

## सर्दी-जुकाम और इन्फेक्शन में फायदेमंद

सर्दी-जुकाम और इन्फेक्शन की समस्या में मरजोरम का इस्तेमाल करने से बहुत फायदा मिलता है। इसमें मौजूद विटामिन सी की मात्रा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करती है।



## हार्ट के लिए फायदेमंद

मरजोरम में बायोएक्टिव गुण पाए जाते हैं, जो हार्ट की कोशिकाओं और ब्लड वेसल्स को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में ब्लड फ्लो और ब्लड प्रेशर ठीक रहता है।

## हाई कोलेस्ट्रॉल में फायदेमंद

मरजोरम का इस्तेमाल हाई कोलेस्ट्रॉल या शरीर में बढ़े हुए बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण नसों में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

## पीरियड्स में फायदेमंद

पीरियड्स के दौरान होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए इसका इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। मरजोरम में मौजूद गुण हॉर्मोन बैलेंस करने और पीरियड्स में होने वाली ऐंठन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं।

### कैसे करें मरजोरम का सेवन?

मरजोरम का इस्तेमाल आप कई तरीकों से कर सकते हैं। कुछ जगहों पर इसका इस्तेमाल मसाले के रूप में किया जाता है। इसके अलावा आप मरजोरम की पत्तियों को सुखाकर इनके काढ़े का सेवन कर सकते हैं। यही नहीं मरजोरम के तेल का इस्तेमाल खाना बनाने में भी किया जा सकता है।

## एचडीएफसी बैंक ने 'परिवर्तन' सीएसआर पहल के तहत 2025 तक 5 लाख सीमांत किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा

**वाराणसी।** एचडीएफसी बैंक ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल परिवर्तन के तहत 2025 तक सालाना 60,000 रुपए से कम आय वाले 5 लाख सीमांत किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब बैंक परिवर्तन के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, जिसने पहले ही पूरे भारत में 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। ग्रामीण विकास पर बैंक का ध्यान सतत विकास को बढ़ावा देने और कमजोर समुदायों के उत्थान के लिए इसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2014 में अपनी शुरुआत के बाद से, परिवर्तन भारत के सबसे बड़े सीएसआर कार्यक्रमों में से एक बन गया है, जो 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय है। इसने शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय समावेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, और अपने प्रयासों को 17 संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से 9 के साथ संरेखित किया है। 2014 में शुरू किए गए एचडीएफसी बैंक 'परिवर्तन' की स्थापना भारत भर के समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के उद्देश्य से की गई थी। पिछले दशक में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक के सीएसआर व्यय के साथ, परिवर्तन ने लगातार स्थायी आजीविका का निर्माण करके, स्थायी विकास को बढ़ावा देकर और वास्तविक जीवन में बदलाव लाकर व्यक्तियों को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।

## सिस्टमेटिक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड ने जुटाए 103.12 करोड़ रुपये

**मुंबई।** सिस्टमेटिक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड (SCSL) ने 1531 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर इक्विटी शेयरों के प्रेफेरेंशियल अलॉटमेंट के माध्यम से 103.12 करोड़ रुपये की फंड जुटाने की घोषणा की है। यह कंपनी की स्ट्रेटेजिक और ऑपरेशन में अपने इन्वेस्टर्स के विश्वास और भरोसे को मजबूत करता है। इस रकम का उपयोग सिस्टमेटिक्स के अलग अलग बिज़नेस वर्टिकल्स में स्ट्रेटेजिक इनिशियेटिव के लिए किया जाएगा, जिसमें केटेगरी I और केटेगरी III के दो ऑल्टर्नेट इनवेस्टमेंट फंड्स (AIFs) की शुरुआत, मार्जिन ट्रेडिंग बुक का विस्तार, वेल्थ मैनेजमेंट को मजबूत करने, इन्स्टिटयूशन संस्थागत और एचएनआई/रिटेल ब्रोकिंग डिवीजन का विस्तार और आईबी एवं ईसीएम बिज़नेस की ग्रोथ को तेज करना शामिल है। बेलग्रेव इन्वेस्टमेंट फंड, श्री मधुकर चिमनलाल शेठ, ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, श्री सिद्धार्थ अय्यर, निखिल वोरा एचयूएफ, कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, स्काई हॉक वेंचर्स, को प्रेफेरेंशियल शेयर अलॉट किए जाएंगे। सिस्टमेटिक्स कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड (SCSL) के प्रबंध निदेशक श्री निखिल खंडेलवाल ने कहा, इस फंड का जुटाया जाना हमारे विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें अपनी विकास पहलों को तेज करने और एक प्रशंसित भारतीय वित्तीय सेवा कंपनी बनाने के हमारे इरादे को और मजबूती देता है। सिस्टमेटिक्स ईसीएम और आईबी में अपनी क्षमताओं को बदलने के साथ ही पीएमएस और ब्रोकरेज व्यवसायों की वृद्धि को तेज कर रही है। ऑल्टर्नेट इनवेस्टमेंट फंड्स (AIFs) और वेल्थ मैनेजमेंट की नई विकास पहलों का फायदा मिलने में सक्षम है। यह हमारे कॉर्पोरेट क्लाइंट्स के लाइफसाइकल पार्टनर होने के हमारे प्रिंसिपल से मेल खाता है। सिस्टमेटिक्स ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसमें कर-पश्चात लाभ वर्ष 2020 में 1.32 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2024 में 152% सीएजीआर के साथ बढ़कर 53.35 करोड़ रुपये हो गया है।

# ट्रंप पर दोबारा हमला, राष्ट्रपति बाइडेन ने की निंदा




**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को गोलीबारी की घटना के दौरान सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए सुरक्षा में तैनात अधिकारियों की प्रशंसा की। जांचकर्ताओं ने पुष्टि की है कि रविवार को रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या का प्रयास किया गया था।

बाइडेन ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप के गोल्फ क्लब में गोलीबारी के बारे में जानकारी दिए जाने के बाद कहा, जैसा कि मैंने कई बार कहा है, हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है, और मैंने अपनी टीम को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है कि सीक्रेट सर्विस के पास पूर्व राष्ट्रपति की निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी संसाधन, क्षमता और सुरक्षात्मक उपाय हैं।

उन्होंने एक बयान में कहा: मेरी टीम ने मुझे इस बारे में जानकारी दी है कि फेडरल लॉ एनफोर्समेंट आज पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की संभावित हत्या के प्रयास की जांच कर रहा है। एक संदिग्ध हिरासत में है, और मैं सीक्रेट सर्विस और उनके कानून प्रवर्तन भागीदारों की सतर्कता और पूर्व राष्ट्रपति और उनके आस-पास के लोगों को सुरक्षित रखने के उनके प्रयासों की सराहना करता हूं। मैं इस बात से काफी राहत महसूस कर रहा हूं कि पूर्व राष्ट्रपति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इस घटना की सक्रिय जांच चल रही है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में अट्ठावन वर्षीय रयान वेस्ले राउथ को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले का आरोपी बताया जा रहा है। हमला फ्लोरिडा में तब हुआ जब ट्रंप गोल्फ खेल रहे थे। राउथ के बारे में कहा जाता है कि वह हवाई का निवासी है, उत्तरी कैरोलिना में एक श्रमिक के रूप में काम करता था और उसने रूसी आक्रमणों के खिलाफ यूक्रेन के समर्थन में लड़ाकों की भर्ती करने की कोशिश की थी।

एफबीआई ने कहा कि वह इस घटना की हत्या का प्रयास मानते हुए जांच कर रही है। एजेंसी ने एक बयान में कहा, एफबीआई ने वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या के प्रयास की जांच कर रही है। जांचकर्ताओं को एक एके-47 स्टाइल राइफल, सिरेमिक टाइल से भरे दो बैकपैक और एक गोप्रो कैमरा मिला, जिसे मौका ए वारदात पर छोड़ दिया गया था।

ट्रंप पर ये हत्या के प्रयास का दूसरा मामला है। पहला 13 जुलाई 2024 को बटलर, पेंसिल्वेनिया में हुआ था। तब उनके दाहिने कान में गोली लगी थी। शूटर, को मार गिराया गया था। रविवार की घटना दोपहर 1:30 बजे के आसपास वेस्ट पाम बीच में ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ़ क्लब में हुई। जांचकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति से आगे बढ़ रहे सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स को झाड़ियों में एक बंदूक की नली दिखाई दी। एजेंट उस दिशा में गया। यह अभी तक स्पष्ट नहीं था कि संदिग्ध ने गोली चलाई थी या नहीं। लेकिन वह लगभग 350 से 500 गज पीछे ही था। जांचकर्ताओं के मुताबिक एक चश्मदीद ने संदिग्ध को देखा, कार और पंजीकरण प्लेट की तस्वीर ली। कुछ देर में संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया।

इस हमले के बाद ट्रंप ने समर्थकों के नाम बयान जारी किया। कहा, मुझे गोलीबारी की आवाज़ें सुनाई दे रही थीं, लेकिन अफ़वाहों के अनियंत्रित होने से पहले, मैं बताना चाहता हूं कि मैं सुरक्षित और स्वस्थ हूँ! मुझे कोई भी रोक नहीं सकता। मैं कभी भी आत्मसमर्पण नहीं करूँगा! व्हाइट हाउस ने एक अलग बयान में कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को इस बारे में सूचित कर दिया गया है। हैरिस ने एक्स पोस्ट में कहा कि उन्हें खुशी है कि पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं।

मुझे पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और फ्लोरिडा में उनकी संपत्ति के पास गोलीबारी की रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई है, और मुझे खुशी है कि वह सुरक्षित हैं। अमेरिका में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सीएनएन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप कोर्स पर थे और उन पर गोलियां चलाई गईं। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने उस दिशा में जवाबी फायरिंग की।

## पीसीओएस को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित रखने के टिप्स

**रायपुर।** पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल सितंबर को पीसीओएस जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रिशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट ने कहा भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। पीसीओएस के लक्षणों में अनियमित माहवारी, पुरुष हॉर्मोन का बढ़ना, ओवरी में सिस्ट, वजन बढ़ना, एक?ने, शरीर पर ज्यादा बाल आना और प्रजनन समस्याएं शामिल हैं। इन लक्षणों को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने के लिए जानी-मानी आहार विशेषज्ञ और वेलनेस कंसल्टेंट, शीला कृष्णास्वामी संतुलित और स्वच्छ आहार लेने की सलाह देती हैं। वे कहती हैं कि बादाम, हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें और साबुत अनाज जैसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थ खाना जरूरी है, क्योंकि इससे शरीर को सही पोषण मिलता है और समग्र सेहत में सुधार होता है।

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थों का चयन करें: पीसीओएस को नियंत्रित करने के लिए दालें, साबुत अनाज, सीड्स और बादाम जैसे नट्स, जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, काफी फायदेमंद होते हैं। इनसे ब्लड शुगर के स्तर पर नियंत्रण रहता है और इंसुलिन के फास्टिंग स्तर को कम करने में मदद मिलती है। रोजाना मुट्ठीभर बादाम खाने से न केवल ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है, बल्कि वजन भी सही बना रहता है और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (बैड कोलेस्ट्रॉल) भी कम हो जाता है। इससे पीसीओएस के लक्षणों में सुधार और समग्र सेहत बेहतर हो सकती है। संतुलित आहार को प्राथमिकता दें: पीसीओएस को नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है, जिसमें फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, फलियां और बादाम जैसे नट्स शामिल हों।

# 31 साल की सुंदरी के साथ ट्रंप के अफेयर की चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति चुनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हैं। अमेरिका में ऐसी खबरें चल रही हैं कि डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप के बीच सबकुछ सही नहीं है। पिछले कई महीनों से दोनों को सार्वजनिक रूप से साथ भी नहीं देखा गया है। इस बीच खबरें ऐसी भी हैं कि ट्रंप का एक महिला के साथ अफेयर चल रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि किसी ने नहीं की। मगर कई मौकों पर इस महिला को ट्रंप के साथ देखा गया है।

इसी सप्ताह डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच राष्ट्रपति पद की पहली बहस हुई। उस दौरान भी इस महिला को मंच के पीछे देखा गया। कहा जा रहा है कि ये महिला ट्रंप के साथ स्पिन रूम में भी रही। बाद में इस महिला 11 सितंबर को ट्रंप के साथ न्यूयॉर्क और पेनसिल्वेनिया के शैंक्सविले में स्मारक कार्यक्रमों में हिस्सा भी लिया।

**अमेरिका में चर्चा में हैं 31 वर्षीय लॉरा:** कई मौकों पर डोनाल्ड ट्रंप के साथ दिखने वाली इस महिला का नाम लॉरा लूमर है। लॉरा की उम्र 31 साल है। लॉरा लूमर रिपब्लिकन कांग्रेस उम्मीदवार भी रह चुकी हैं। चुनाव अभियान में लॉरा लूमर ट्रंप की सहयोगी हैं।

लूमर से जब सिंगल होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ट्रंप के प्रति अपने जुनून के कारण सिंगल हूं। ट्रंप के प्रति समर्पण व्यक्तिगत रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण है। इस वजह से मेरा पिछला रिश्ता भी खत्म हो चुका है। ट्रंप हमारे




जीवन के सबसे अहम व्यक्ति हैं। ट्रंप ही देश बचाएंगे।

**ट्विटर कर चुका लॉरा को बैन, मस्क ने हटाया प्रतिबंध:** लूमर की पहचान नस्लीय, समलैंगिकता व इस्लाम विरोधी नेता के रूप में होती है। 2018 में लगातार मुस्लिम विरोध पोस्ट करने पर ट्विटर ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि बाद में एलन मस्क के स्वामित्व में आने के बाद यह बैन हटा लिया गया। मौजूदा समय में एक्स पर लूमर के 1.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अपने वेब शो में लूमर हमेशा ट्रंप की प्रशंसा करने वाली सामग्री पोस्ट करती हैं।

एक्स पर एक पोस्ट में लूमर ने लिखा था कि अगर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जिनकी मां भारतीय अमेरिकी थीं, चुनाव जीत जाती हैं तो व्हाइट हाउस में कढ़ी की तरह महक आएगी।

**कहां हैं मेलानिया ट्रंप?:** डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप अभी विवाहित हैं। मगर पिछले कुछ समय से दोनों एक साथ नहीं दिखे हैं। ऐसे में अफवाहों का बाजार गर्म है कि दोनों जल्द अलग हो सकते हैं। मेलानिया आखिरी बार जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में दिखी थीं। मगर इसके बाद से वह ट्रंप के चुनाव अभियान से गायब हैं।

# कोई भी बाइडेन और कमला की हत्या की कोशिश नहीं कर रहा: मस्क

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कथित हत्या के प्रयास की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने एक विवादास्पद बयान दिया। उन्होंने सवाल किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर हत्या का कोई प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है?

रविवार को ट्रंप पर दूसरी बार हत्या का प्रयास किया गया, जब फ्लोरिडा में एक गोल्फ कोर्स के बाहर गोलियां चलाई गई, जहां वो गोल्फ खेल रहे थे। एफबीआई ने कहा कि फ्लोरिडा में उन पर कथित तौर पर हत्या का प्रयास किया गया था। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के अभियान और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बताया कि वह सुरक्षित और स्वस्थ हैं।



एक एक्स यूजर के सवाल, वे डोनाल्ड ट्रंप को क्यों मारना चाहते हैं? का जवाब देते हुए टेस्ला के सीईओ ने लिखा, और कोई भी बाइडेन/कमला की हत्या करने की कोशिश नहीं कर रहा है। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख ट्रंप समर्थक हैं और अक्सर उनके पक्ष में पोस्ट लिखते रहे हैं। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने पुष्टि की है कि उसके एक या अधिक एजेंटों ने ट्रंप के गोल्फ कोर्स की सीमा के पास एक बंदूकधारी पर गोलियां चलाई और एक वीडियो कैमरे के साथ एक एके-47 स्टाइल राइफल बरामद की गई। अधिकारियों के अनुसार, अभी भी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि रयान वेस्ले राउथ नामक बंदूकधारी ने पूर्व राष्ट्रपति की ओर गोली चलाई थी या नहीं, लेकिन सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोल्फ कोर्स में झाड़ियों में छिपे संदिग्ध पर गोली चलाई थी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने कहा कि अधिकारियों को झाड़ियों में एक एके-47 राइफल भी मिली, जो उस स्थान के बेहद करीब थी जहां से ट्रंप निकल रहे थे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फिर से दोस्तों! फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप गोल्फ कोर्स में गोलीबारी हुई। स्थानीय कानून प्रवर्तन के अनुसार, झाड़ियों में एक एके-47 पाया गया। ट्रंप की हत्या की कोशिश पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में गोली लगने के दो महीने बाद हुई है। तब उनके दाहिने कान में मामूली चोट आई थी। हमलावर को सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत गोली मार दी थी। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जो नवंबर चुनावों में ट्रंप की डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी थी, दोनों को इस घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बयान में कहा, हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी प्रकार की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

# कभी हार नहीं मानूंगा- जानलेवा हमले के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने तोड़ी चुप्पी, कहा- अमेरिकन होने पर गर्व



**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद पर हुए जानलेवा हमले के बाद कहा है कि उन्हें अमेरिकन होने पर गर्व है। ट्रंप ने पुष्टि की है कि वे सुरक्षित हैं और ठीक हैं। इससे पहले फ्लोरिडा में अपने कोर्स पर गोल्फ खेलते समय रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप पर एके-47 रायफल से हमला हुआ। ट्रंप से महज 400-500 गज की दूरी पर ताबड़तोड़ गोलियां चलने लगी। हालांकि सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप की जान बचाने में कामयाबी हासिल की। एफबीआई ने इसकी पुष्टि की है कि यह हमला ट्रंप की हत्या का प्रयास था। आरोपी फिलहाल अधिकारियों की गिरफ्त में है। ट्रुथ सोशल पर एक लंबी पोस्ट में ट्रम्प ने कहा, मेरे आस-पास गोलीबारी की आवाज़ें आ रही थीं लेकिन अफ़वाहों के फैलने से पहले, मैं यह बताना चाहता था कि मैं सुरक्षित और स्वस्थ हूं। कोई भी चीज़ मुझे रोक नहीं सकती। मैं कभी हार नहीं मानूंगा। ट्रंप ने आगे कहा, मुझे समर्थन देने के लिए मैं प्यार। एकता। शांति। अमेरिका को फिर से महान बनाते हैं।

**सीक्रेट सर्विस की तारीफ:** ट्रंप ने यूएस सीक्रेट सर्विस, शेरिफ़ रिक ब्रैडशॉ और सभी कानून प्रवर्तन को उन्हें सुरक्षित रखने के लिए एक बेहतरीन काम करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, जो काम किया गया वह बिल्कुल शानदार था। मुझे एक अमेरिकी होने पर बहुत गर्व है।

**यूक्रेन का कट्टर समर्थक है आरोपी:** शुरुआती रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि कई सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोल्फ कोर्स की प्रॉपर्टी लाइन के पास झाड़ियों में एक बंदूकधारी पर गोली चलाई जब उसे ट्रंप के खेलने के स्थान से कुछ सौ गज की दूरी पर देखा गया। संदिग्ध की पहचान रयान राउथ के रूप में हुई है जो यूक्रेन का कट्टर समर्थक है और डेमोक्रेट है। इस बीच ट्रम्प की गतिविधियों से जुड़े एक शख्स के मुताबिक ट्रम्प सुरक्षित हैं और पाम बीच में अपने निजी क्लब में लौट आए हैं।

# सेक्टर रुढा आंगनबाड़ी केंद्र खम्हारपाली में पोषण माह वजन त्यौहार का संपन्न

**सरायपाली (समय दर्शन)।** राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खम्हारपाली ,सेक्टर रुढा,परियोजना सराईपाली में वजन त्यौहार का आयोजन गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते क्षेत्रीय विधायक श्रीमती चातुरी नन्द ने ग्रामवासियों को जानकारी दी कि आंगनबाड़ी केंद्र में पालकगण अपने बच्चों का नियमित वजन अवश्य कराऐं कुपोषण को खत्म करने के लिए ही यह राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में विधायक श्रीमती चातुरी नंद द्वारा गर्भवती महिला की गोदभराई रस्म व बच्चे की अन्नप्राशन कराई गई, गर्भवती माता, शिशुवती माता को पौष्टिक भोजन लेने हेतु विधायक श्रीमती चातुरी नंद द्वारा प्रेरित किया गया ।

जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री अजय कुमार साहू ने आगे ग्रामवासियों को यह भी जानकारी दी कि आंगनवाड़ी पर हर माह वजन लिया जाता है व बच्चों के वजन का स्तर बताया जाता है इसके साथ-साथ में किशोरी बालिकाओं को रेडी टू ईट का वितरण किया नियमित रूप से नियमानुसार किया जाता है उसके साथ ही एनीमिक महिलाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट भी किया जाता है। इस अवसर पर गर्भवती,शिशुवती महिला,किशोरी बालिका सहित महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में बताया गया कि महिला इतनी जागरूक हों कि हीमोग्लोबिन 11 ग्राम या उससे ज्यादा हो तभी वह गर्भधारण करें तो बेहतर है जिससे बच्चा गर्भ में अपना पूर्ण विकास कर सके। पूर्ण गर्भधारण काल में गर्भवती को पौष्टिक पोषण लेना आवश्यक है

इसके लिए गर्भवती को दिन में बार-बार




पौष्टिक व संतुलित खाना खाते रहना चाहिए। गर्भधारण काल के दौरान समय-समय पर डॉक्टर से चेकअप करवा कर पौष्टिक गोली आयरन और कैल्सियम,फोलिक एसिड डाक्टर के दिए गए निर्देश अनुसार खानी चाहिए।

आंगनवाड़ी में मिलने वाला पौष्टिक रेडी टू ईट का गर्भवती स्वयं उपयोग करें क्योंकि वह बहुत पौष्टिक होता है।यदि महिला एनीमिक है तो उसका बच्चा भी कमजोर होगा और जब बच्चा कमजोर होगा तो उसका शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाएगा।एनीमिक महिला है तो उसको भी कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक नुकसान हो सकते हैं। जिसका खामीआजा उसे स्वयं ही भुगतना पड़ता है।इसके पश्चात महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री गेंदराम नारंग ने कहा कि एनीमिया की 70त्न समस्या वैसी ही हल हो जाएगी जब आप पौष्टिक भोजन और आयरन व कैल्सियम,फोलिक एसिड लें, साथ ही यदि पौष्टिक व्यंजन आपको लेना है तो इसके लिए महतारी वंदन की राशि सरकार द्वारा प्रतिमाह दिया जाता है, जिसे अपने स्वास्थ्य के लिए उपयोग कर अपने सेहत में सुधार ला सकती है।

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पौष्टिक व्यंजन की प्रदर्शनी लगाई गई.जिसमें यह दर्शाया गया कि इसमें सभी प्रकार के पौष्टीक तत्व होते हैं जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फलों का भी उपयोग करने प्रेरित किया गया. आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती दीक्षा बारीक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला, सिंधुलता, संजू भोई, सुशीला, गीता, उतरा नायक, पूर्णिमा नायक विश्वनाथ नायक निर्मल बढई रविशंकर साहू मित्रभानु प्रधान बसंत साहू चक्रधर साहू (सचिव) के साथ साथ बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे।

# बप्पा की विदाई:अगले बरस फिर जल्दी आना, धूमधाम से हुआ विघ्नहर्ता का विसर्जन, गणपति बप्पा मोरया के नारों से गूंजता रहा गरियाबंद

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** नगर में मंगवालर को बड़े हर्षोल्लास के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी गई ।भक्त बप्पा की विदाई रंग और गुलाल के बीच नाचते-गाते श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा था ।भक्त ढोल नगाड़े पर जमकर थिरकते रहे इस दौरान प्रशासन द्वारा तय किए गए रूट से ही गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई और उन्हें गरियाबंद नगर के ऐतिहासिक छिंद तालाब में विसर्जित किया गया इस दौरान पुलिस की सुरक्षा कड़ी रही ।जिससे विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की घटना न हो सके ।विसर्जन को लेकर व्यापक प्रबंध किया गया था बाक़ायदा लाइफगार्ड तैनात किए गए थे ।नगर में अलग अलग इलाकों में दर्जन से अधिक गणपति प्रतिमाओं के पंडाल स्थापित किए गए थे,वही कल हवन के पश्च्यात कई पंडालों में श्रद्धालुओ के लिए भंडारा का कार्यक्रम भी रखा गया था मंगलवार को सुबह 11 बजे से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करते श्रद्धालु पूरे नगर के अलग अलग चौराहे से होते हुए छिंद तालाब और नदी जाते हुए नज़र आए।

सिन्हा परिवार ने गणपति स्थपाना के पूर्ण किए 52वा वर्ष,,,,,गणेश चतुर्थी पर सिन्हा परिवार की बुजुर्ग महिला धरमीन बाई सिन्हा बुद्धि देवी सिन्हा लक्ष्मी सिन्हा रेणुका सिन्हा भारती सिन्हा मोनिका सिन्हा एवं लीना वंदना ने अपने निवास पर विराजमान गणपति जीं की आरती कर गणपति बप्पा को विशेष मंत्रों के साथ उनके द्वारा विदाई दी गई ।पुराना मंगल बजार स्थित सिन्हा निवास में सिन्हा परिवार द्वारा गणपति स्थापना का यह 52वाँ वर्ष पूरा किया गया,52वर्ष पहले उनके बुजुर्गों ने जो परंपरा शुरू हुई थी उस परंपरा को आज भी सिन्हा परिवार द्वारा निभाया जा रहा है परिवार के बुज़ुर्गो से ले कर बच्चे पूरे 11 दिन गणपति स्थापना को त्योहार की तरह मनाते है पूरे घर को दूधिया एव रनिंग लाइट से सजाते है प्रतिदिन मोदक का प्रसाद वितरण किया जाता है बड़े धूमधाम से परिवार सहित आसपस के लोग गणपति जी की आरती करते है ।विसर्जन के लिए जयकारों के साथ पुराना मंगल बाज़ार से मेंन रोड से तिरंगा चौक होते हुए श्रद्धालु अपने आराध्य को लेकर छिन्द तलाब के घाट पर पहुँचे,तो उनके साथ सेल्फ़ी लेने का दौर शुरू हो गया ।अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ विघ्नहर्ता की मूर्ति को विसर्जित किया ।शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए छिन्द तलाब के तट पहुंचे ।शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयघोष करते हुए खूब आनंदित हो रहे थे।



चाक चौबंद रही पुलिस की व्यवस्था सड़क से लेकर तलाब तक सुरक्षा का जायज़ा लेते रहे थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव,गरियाबंद के थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव ने आज कमान सँभाल रखी था उन्होंने बतलाया यह सप्ताह एक साथ दो त्योहार हो जाने से भीड़ ज़्यादा है एक ओर जहाँ कल ईद मिलादुनवी का जुलूस निकला वही दूसरी और गणेश विसर्जन का कार्यक्रम है ।सभी धर्म के लोग कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है और शांति सद्भाव भाईचारे के साथ सभी कार्यक्रम किए जा रहे है किसी भी प्रकार की कोई दिक़्क़त आने पर हमारी टीम पूरे गरियाबंद में लगी हुई है चौक चौराहो सहित मेन रोड तिरंगा चौक मस्जिद पारा और छिंद तलाब के पास तैनात हैलिए दौरान ,ह्यद्ब जैन सिंग दीवान,थानपति,कुंदन जगने,डिगेश्वर साहू,रविशंकर सोनवानी तैनात दिखे। नगरपालिका पूरी टीम को ऑपरेट करते नज़र आए श्रद्धालुओ को कहीं कोई दिक्कत ना हो नगर पालिका की पूरी टीम आज सुबह से ही छिन्द तलाब में गणपति विसर्जन करने में लोगों की सहयाता करते नज़र आए ।इस दौरान तलाब में सभी मूर्तियों को विसर्जित करने के लिए क्रेन मशीन के साथ पूरी टीम लगी रही,जिससे 12 बड़ी मूर्तियो का विसर्जन किया गया ।वही देर शाम तक अन्य छोटी बड़ी मूर्तिया विसर्जन के लिए आते रहे ।साथ ही हमारे द्वारा सफ़ाई को ले कर विशेष ध्यान दिया गया।

## खबर-खास

### खपरीडीह में न्योता भोज का आयोजन



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** शासकीय प्राथमिक शाला खपरीडीह में न्योता भोज का आयोजन किया गया ।बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक द्वय, शिक्षक, शिक्षिका एवं गणेश समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया motorola edge50 Neo

**रायपुर।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी, मोटोरोला ने आज motorola edge50 Neo को भारत में लॉन्च किया है। यह मोटोरोला के प्रीमियम द्गस्त्रद्दद्ग स्मार्टफ़ोन लाइनअप में शामिल किया गया सबसे नया प्रोडक्ट है, जो स्लीक एवं मिनिमलिस्ट डिज़ाइन के साथ बेहद दमदार फीचर्स का बेजोड़ संगम है और रेडी फॉर एनीथिंग के टैगलाइन को साकार करता है। अधिकतम क्रिएटिविटी वाला यह डिवाइस सही मायने में बहु-उपयोगी है, और इसी वजह से यह स्टाइल के साथ-साथ परफॉर्मेंस की मांग करने वाले यूजर्स के लिए बिल्कुल सही स्मार्टफ़ोन बन गया है। edge50 Neo में MIL-810॥ मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी और IP68 वॉटर रेजिस्टेंस जैसे कई बेमिसाल फीचर्स मौजूद हैं, जो इन सर्टिफिकेशन के साथ इसे भारत का सबसे हल्का स्मार्टफ़ोन बनाता है। इसे दूसरों से अलग बनाने वाली खूबियों में Son4-LYTI-ATM 700C सेंसर के साथ motoAI से संचालित 50MP कैमरा, बेहद खूबसूरत पैन्टोन क्यूरेटेड कलर्स के साथ स्लीक वीगन लेदर फिनिश, 6.4 का 120H5 LTPO pOLED फ्लैट डिस्प्ले, 5 साल तक ह्रस् अपग्रेड की गारंटी, 68W TurboPo2er चार्जिंग और 15W वायरलेस चार्जिंग शामिल हैं। motorola edge50 Neo ने अपने MIL-STD-810H मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफिकेशन के साथ स्मार्टफोन की ड्युरेबिलिटी के मामले में एक नई मिसाल कायम की है, और बेहद आकर्षक एवं खूबसूरत डिजाइन को मजबूती के साथ जोड़ा है। यह बेहद कठोर मिलिट्री ड्युरेबिलिटी टेस्ट पास करने वाला भारत का सबसे हल्का स्मार्टफोन है, और इस तरह यह स्मार्टफोन झटके, कंपन और 1.5 मीटर तक की ऊंचाई से गलती से नीचे गिर जाने जैसी परिस्थितियों का सामना कर सकता है, साथ ही इसमें Gorilla Glass की सुरक्षा भी दी गई है। यह उपकरण 60°C तक की भीषण गर्मी से लेकर -30°C तक की जमा देने वाली ठंड तक के चरम तापमान को झेल सकता है, साथ ही 95% तक की बहुत ज्यादा ह्यूमिडिटी और अधिक ऊंचाई एवं कम दबाव वाले माहौल में भी अपना परफॉर्मेंस बरकरार रखता है। IP68 रेटिंग के साथ यह स्मार्टफोन धूल और रेत का सामना करने के अलावा 30 मिनट तक 1.5 मीटर गहरे ताजे पानी में डूबा रह सकता है, और इसी वजह से यह ज़िंदगी में आने वाली किसी भी चुनौती के लिए तैयार है।

### वेस्टर्न डिजिटल ने सीसीटीवी-ऑप्टिमाईज़्ड स्टोरेज समाधान पेश किए

**रायपुर।** सीसीटीवी कैमरों का उपयोग भारत में बढ़ रहा है। आज ट्रैफिक सिग्नल से लेकर शॉपिंग सेंटर, स्कूल और आवासों तक हर जगह इनका उपयोग हो रहा है, इसलिए इनके लिए एक पर्याप्त स्टोरेज समाधान होना भी आवश्यक है। स्टोरेज की सभी ड्राईव्स एक समान नहीं बनाई जाती हैं, और निगरानी विशेष के लिए डिज़ाइन की गई ड्राईव से सीसीटीवी सिस्टम की परफॉर्मेंस एवं विश्वसनीयता में काफी सुधार आ सकता है। डब्लूडी पर्पल प्रो ड्राईव 22टीबी तक की क्षमता में उपलब्ध हैं। इन्हें 24/7 वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए बनाया गया है और ये हर साल 550टीबी तक की सपोर्ट प्रदान करती हैं। ये ड्राईव बहुत टिकाऊ और भरोसेमंद हैं, जो खराब से खराब परिस्थितियों में भी बड़े वॉल्यूम के वीडियो डेटा को लगातार रिकॉर्ड करने और स्टोर करने के लिए बहुत आवश्यक है। इनके कम पॉवर प्रोफाईल के कारण पॉवर कंज़्प्शन और हीट जनरेशन कम होता है, जिससे इनका संचालन सुगमता से होता है, और डेटा के नुकसान या सिस्टम फेल होने का जोखिम भी सबसे कम होता है। ऑलफ्रेम एआई टेक्नोलॉजी के साथ ये ड्राईव एटीए स्ट्रीमिंग बढ़ा देती हैं, फ्रेम लॉस को कम करती हैं, और डीप लर्निंग एनालिटिक्स के लिण् 32 तक एआई स्ट्रीम्स को सपोर्ट करती हैं।

## कलेक्टर अग्रवाल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का किया शुभारंभ

### स्वच्छता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में आज से ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024''का शुभारंभ किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर गरियाबंद में किया गया ।इस अवसर पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने साफ सफाई एवं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में आमजनों सहित अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता को अपनाने स्वच्छता शपथ दिलाया ।इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल,नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत प्रवीण यादव एवं जनप्रतिनिधियों ने दो स्वच्छता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।साथ ही परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर सिग्नेचर ड्राईव भी चलाया गया,जिसमें अतिथियों एवं नागरिकों ने हस्ताक्षर कर सभी लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की ।साथ ही सेल्फी जोन में फोटो भी खिचवायें। जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। हमेंअपने घर के समान ही आसपास एवं कार्यालयों में साफ सफाई रखना चाहिए ये हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज शहरों एवं गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही जिला स्वच्छ और सुंदर बन सकता है ।इसके लिए हमे अपने स्वभाव में भी परिवर्तन लाना होगा ।उन्होंने नागरिकों को जिला स्तरीय कार्यक्रम तथा स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की ।स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर तक ''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' विषय पर केंद्रित रहेगा ।जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा ।स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 2 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा ।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अंजली खलखो,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा,जनपद पंचायत सीईओ अमजद जाफ्री,समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी ठाकुर,सांख्यिकी के उप संचालक ओमप्रकाश देशमुख, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक परवेज हनफी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## मथुरा वृदावन के सामवेद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल में हुआ प्रतिष्ठा कुर्रे का चयन



**सारंगढ़ ( योगेश कुर्रे )** माता पिता है लिए बड़े ही गर्व की बात होती है जब उनका बेटा या बेटी शिक्षा के क्षेत्र में अपना नाम बनाते है और तन मन से पढ़कर अपनी अलग पहचान बनाते है ऐसे ही सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला की एक बेटी ने माता पिता का नाम रौशन किया है जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ भटगांव देव सागर रोड ! श्री विक्रम कुर्रे, श्रीमती बबिता कुर्रे की सुपुत्री प्रतिष्ठा कुर्रे ने अखिल भारतीय ह्यष 10 सीट चयन में प्रतिष्ठित सामवेद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल,मथुरा वृंदावन में सीट हासिल करके समुदाय को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत, समर्पण और सीखने के प्रति जुनून का प्रमाण है। ठीक उसी क्रम में पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया और साथ ही अपने माता-पिता का भी मान बढ़ाया उसी के साथ सतनामी समाज मानस चौक भटगांव के अध्यक्ष गौरीशंकर सोनवानी सतनामी समाज के संरक्षक भुवनेश्वर नारंग कोषाध्यक्ष श्री राम हिरवानी सचिव मनोज टंडन कार्यकारणी अध्यक्ष राजकुमार सोनवानी चंद्रशेखर हिरवानी आयुष हिरवानी सेंटी हिरवानी के साथ समाज के सम्मानित नागरिकों के द्वारा घर पहुंच कर प्रतिष्ठा कुर्रे को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर प्रोत्साहित किया। साथ ही साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिंह जी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल जी ने घर पहुंच कर बच्ची को आशीर्वाद दिया।

## कलेक्ट्रेट परिसर में विकसित भारत-मोदी की संकल्पना थीम पर लगी प्रदर्शनी

### कलेक्टर सहित स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों ने किया अवलोकन



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** संयुक्त जिला कार्यालय परिसर गरियाबंद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।यह प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई ।प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनकल्याण एवं भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाने के लिए किये गये प्रयासों एवं गतिविधियों को दर्शाया गया ।साथ ही पीएम श्री मोदी द्वारा बीते दस सालों में शुरू की गई अभिनव एवं क्रांतिकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी के जीवन के पहलुओं को फोटो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया ।कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित अन्य जिला अधिकारियों ने फोटो प्रदर्शनी में पहुंचकर मोदी जी की संकल्पनाओं से अवगत हुए ।साथ ही नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं एंजल्स एंग्लो हाईस्कूल के बच्चों ने भी प्रदर्शनी में पहुंचकर उत्साह के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया ।बच्चों ने भारत को विकसित बनाने मोदी जी की संकल्पना थीम पर आयोजित प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी लेकर प्रेरित हुए ।प्रदर्शनी में वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, राधेश्याम सोनवानी,आशीफ मेमन,लालसिंह यादव, दालचंद ध्रुव,पप्पु ठाकुर,पुष्पक देवांगन,सुमीत पारख सहित जिले के मीडिया प्रतिनिधिगण एवं आम नागरिकों ने भी शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अवलोकन किया।

छाया-चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश में पर्यावरण संरक्षण के लिए ''एक पेड़ मां के नाम'' वृक्षारोपण अभियान,डिजिटल इकोनॉमी-जन-जन को बैंकिंग सुविधा,नए अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरता भारत,आतंकवाद के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही, औपनिवेशिक काल के कानूनों में बदलाव एवं नवीन न्याय संहिता को लागू करना,भारतीय सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करना,जन भागीदारी से देश को नई दिशा,भारत का गौरव बढ़ाती उपलब्धियां,जनधन योजना,देश में अधोसंरचना का तेजी से निर्माण,एक राष्ट्र,एक कर,एक बाजार,एक ग्रिड,एक राशन कार्ड,एक संविधान और वोकल फार लोकल,महामारी के दौरान भी न थमा सुधारों का दौर,रक्षा बलों का कायाकल्प आदि विषयों को छाया-चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

### !! न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग !!

//ईश्तहार//

रा0प्र0क0 / अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शबाहत अमरीन पति स्व0 जावेद अहमद निवासी भिलाई द्वारा ग्राम खेदामारा प0ह0नं0 11 स्थित भूमि ख0नं0 1034/1 रकबा 0.529हे0 भूमि आवेदक के पति जावेद अहमद के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत कया गया है।

अत: उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा तो सुनवाई तिथि दिनांक 23.09.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर**

### न्यायालय तहसीलदार अहिवारा

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:-जिला दुर्ग तहसील-अहिवारा प.ह.न.-00006 बानबरद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी 202324430210300084

//ईश्तहार//

तहसील अहिवारा के प.ह.न. 00006 के अंतर्गत ग्राम बानबरद के वर्तमान भूमि स्वामी घनश्याम अग्रवाल पिता/पति-ओमप्रकाश अग्रवाल पता-, किरीट कुमार पिता/पति-ईश्वरलाल पता, जावेद अहमद पिता/पति-वकील अहमद पता-भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 695 (1.5000), 697(2.0000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जावेद अहमद पिता/पति-वकील अहमद पता-भिलाई, घनश्याम अग्रवाल पिता/पति-ओमप्रकाश अग्रवाल पता, मोहम्मद जैद पिता/पति-जावेद अहमद पता-भिलाई, किरीट कुमार पिता/पति-ईश्वरलाल पता-, आफ्यिा अहमद पिता/पति-जावेद अहमद पता-भिलाई, शबाहत अमरीन पिता/पति-जावेद अहमद पता-भिलाई के नाम पर पंजीयन फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अहिवारा पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**तहसील-अहिवारा**

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 3

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:-जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00023 महमरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324430100600022

//ईश्तहार//

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00023 के अंतर्गत ग्राम महमरा के वर्तमान भूमिस्वामी नूरजहां बेगम पिता/पति-पति शेख महबूब पता-बैगापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 52/2(1.6400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शेख मकसूद पिता/पति-शेख मेहबूब पता-बैगापारा दुर्ग, शेख महमूद पिता/पति-शेख मेहबूब पता-बैगापारा दुर्ग, अंजूम बेगम पिता/पति-शेख मेहबूब पता-बैगापारादुर्ग, शहनाज बेगम पिता/पति-शेख मेहबूब पता-बैगापारा दुर्ग, फिरोज खान पिता/पति-शेख मेहबूब पता-बैगापारा दुर्ग, मो. आरिफ पिता/पति-शेख मेहबूब पता-बैगापारा दुर्ग, मो. इकबाल पिता/पति-शेख मेहबूब पता-बैगापारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 3 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**दुर्ग 3**

### //न्यायालय तहसीलदार दुर्ग//

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:-जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी 202324430107000081

//ईश्तहार//

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी अजय कुमार सोनी पिता/पति-बसंत कुमार सोनी पता-सुभाषनगर दुर्ग तह? व जिला दुर्ग, नेहा बर्मन पिता/पति-बसंत कुमार सोनी पता-सुभाषनगर दुर्ग तह व जिला दुर्ग, बसंत कुमार सोनी पिता/पति-बाबूलाल सोनी पता-सुभाषनगर दुर्ग तह जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 182/96 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/केता अजय कुमार सोनी पिता/पति-बसंत कुमार सोनी पता-सुभाषनगर दुर्ग तह व जिलादुर्ग, नेहा बर्मन पिता/पति-बसंतकुमार सोनी पता-सुभाषनगर दुर्ग तह् जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालयतहसीलदारदुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**दुर्ग, जिला दुर्ग**

### !! न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, ( छ.ग. ) !!

//उद्घोषणा//

ई0 कोर्ट क्रमांक/ 202409104700018 / अ-6/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता श्री सी0पी0 पाण्डेय निवास-664, सिंधिया नगर तितुरडीह तहसील व जिला स्थित भूमि मौजा सिरसाखुर्द प0ह0नं0-06, रा0नि0म0-जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर 1143/1,1143/2 रकबा 0.0400, 0.0400 हेक्टेयर भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदारे के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार स्व0 चन्द्रिका प्रसाद पिता-मनमोहन पांडेय का स्वर्गवास दिनांक 11/09/2022 हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवो संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 03/10/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/09/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

**जारी दिनांक- 12/09/24**
**सुनवाई दिनांक-03/10/24**

मुहर

**अति. तहसीलदार,**
**दुर्ग ( छ. ग. )**

### //न्यायालय तहसीलदार दुर्ग//

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:-जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी 202324430103800046

//ईश्तहार//

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी चन्द्रिका प्रसाद पिता/पति-आ. मदन मोहन पता-भिलाईनगर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 10/80 (0.0170) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती कृष्णा पाण्डेय पिता/पति-स्व.चन्द्रिका प्रसाद पता-सिंधियानगर तितुरडीह, विजेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता/पति-स्व.चन्द्रिका प्रसाद पता-सिंधियानगर तितुरडीह, विनोद कुमार पाण्डेय पिता/पति-स्व. चन्द्रिका प्रसाद पता-सिंधियानगर तितुरडीह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**दुर्ग, जिला दुर्ग**

# ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

**अभय धृतलहरे/बसना( समय दर्शन )।** प्रजापिता ब्राह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सांकरा(जोंक) में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक स्नेह सम्मलेन सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवा केंद्र प्रभारी बी के योगेश्वरी दीदी द्वारा किया गया तथा ब्रह्माकुमार हेमराज भाई द्वारा मनोरम स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस कर्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आये ब्राह्मकुमारिस सराईपाली से राजयोगिनी बी के अहिल्या दीदी ने




आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका पर सुंदर प्रकाश डालते हुए कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग के माध्यम सर एक श्रेष्ठ समाज व सृष्टि कि रचना कर सकते हैं तथा सबको राजयोग की गहन अनुभूति कराई साथ-साथ सुखी एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिए ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र सांकरा में नि:शुल्क 7 दिन का राजयोग मैडिटेशन कोर्स करने के लिए सभी नगरवासियों को आमंत्रित किया। जो 15 सितम्बर 2024 से प्रारम्भ हो रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्य एवं विशिष्ट अथिति के रूप में आये दीपक देवांगन (प्राचार्य स्वामी आत्मानंद विद्यालय सांकरा) कैलाश अग्रवाल (वरिष्ठ भाजपा नेता),नरेन्द्र बोरे (निज सचिव विधायक बसना),पुरुषोत्तम धृतलहरे(जनपद सदस्य एवं समाजसेवी सांकरा) तथा श्रीमती मेमबाई नेताम (सरपंच, ग्राम पंचायत सांकरा) के द्वारा श्रेष्ठ समाज के निर्माण के लिए श्रेष्ठ संस्कार धारण करने के लिए प्रेरित किया गया।

कैलाश चंद्र अग्रवाल ने संस्था के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ की संस्कार एवं शिक्षा है पुरे विश्व में विख्यात हैं ।

## संक्षिप्त-खबर



साई कृपा उत्सव समिति नंदिनी टाउनशिप।

## संकुल सेमरिया के सभी शालाओं में हिंदी दिवस पर विभिन्न गतिविधियां



**अहिवारा ( समय दर्शन )।** संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा जिला दुर्ग में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। शासकीय प्राथमिक शाला एवम् पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीतराई,सेमरिया,प्राथमिक शाला कोकड़ी,उच्चतर माध्यमिक शाला सेमरिया में हिंदी दिवस का आयोजन हुआ।संकुल समन्वयक सूर्यकांत हरदेल ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ,हिंदी भाषा का महत्व,इतिहास पर अपना विचार व्यक्त किया,यह हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करने के लिए एक अहम दिन है। हिंदी भाषा देवनगरी लिपि है।हिंदी देश की सांस्कृतिक एकता को दर्शाती है। संकुल प्रभारी श्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने हिंदी दिवस की शुरुआत अपने विचारों करते हुए कहा,दिन हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर की याद दिलाता है और नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व महसूस कराता है।इस अवसर पर छात्राओं द्वारा कविता वाचन,रचनात्मक लेखन,चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,समूह वाचन,पुस्तक वाचन ,कहानी सुनाने की गरिविधि, पहेलियां,चुटकुले,वर्ण ,शब्द अंताक्षरी सहित अन्य गरिविधियो का आयोजन हुआ।हिंदी भाषा के सौंदर्य, संस्कृति, सांस्कृतिक,धार्मिक ,हिंदी हमारी भाषा की एकता है,संदेश देते हुए हिंदी का प्रचार प्रसार के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य,प्रधान पाठको के मार्ग दर्शन से समस्त शिक्षको और छात्रों की सहभागिता से बेहतर आयोजन हुआ।

## गोवर्धन निर्मलकर बने युवा धोबी समाज के प्रदेश महामंत्री



**दुर्ग।** कातुल बोर्ड निवासी गोवर्धन निर्मलकर को युवा धोबी समाज के प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही इन्हें दुर्ग जिले का संगठन प्रभारी बनाया गया है इनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अनुशंसा पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर कोरबा ने की है। उक्त जानकारी जिला युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने दी।

## भारतीय जनता पार्टी का सेवा पखवाड़ा प्रारंभ

**जांजगीर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाएगी जो 17 सितंबर से आरंभ होकर 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम के साथ होगा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक अभिमन्यु राठौर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पुरे जिला व मंडल स्तर पर सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी रक्त दान शिविर स्वच्छता अभियान आयुष्मान भारत योजना का स्वस्थ शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती सचित्र प्रदर्शनी संगोष्ठी वृक्षारोपण सोशल मीडिया पर नमो एप जैसे विभिन्न कार्यक्रम राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित कर पार्टी संगठन पर्व के रूप मे सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित करेगी उक्त जानकारी जिला मीडिया सहप्रभारी पंकज अग्रवाल ने दी।

# बसना सहित जिले भर के सैकड़ों शिक्षक प्रशिक्षण मे शामिल हुए



**अभय धृतलहरे/ बसना( समय दर्शन )।** सात दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण सत्र के द्वितीय चरण मे विज्ञान विषय आधारित प्रशिक्षण सत्र का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सम्पन्न हुआ।

जिसमें जिला महासमुंद के पांचो विकासखंड के 15-15 विज्ञान विषय शिक्षक शामिल हुए।प्रशिक्षण की शुरुआत विधिपूर्वक ज्ञान की देवी सरस्वती माता का पूजा अर्चना,दीप प्रज्वलन कर पूजा के साथ ही साथ राष्ट्र गान द्वारा शुभारंभ हुआ।यह सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रथम दो दिवस ऑनलाइन,तीसरा,चौथा एवं पांचवा दिन ऑफ्लाइन तथा छठवां सातवां दिन ऑनलाइन प्रशिक्षण के रूप में आयोजित हुआ।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राधेश्याम साहू ने राज्य पाठ्यचर्या की रूपरेखा बताते हुए विज्ञान क्या है,विज्ञान की प्रक्रिया,विज्ञान कौशल,वैज्ञानिक मूल्य,अंत:विषय समझ,छात्रों को विज्ञान समझ,आवश्यक अवधारणाएं सीखने,मानक विज्ञान,सीखने हेतु उत्पन्न चुनौतियां,शिक्षा कार्य के नवीन ढांचे में विज्ञान,विज्ञान शिक्षा के लक्ष्य,ज्ञान की प्रकृति,छात्रों को वैज्ञानिक जांच की क्षमता और प्रत्येक चरण के अनुरूप वैज्ञानिक प्रश्न निर्माण,सारे विचारों के संप्रेषण की क्षमता विकसित करना,छात्र कैसे सीखते हैं आदि के बारे में प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया गया।मास्टर ट्रेनर कविता देवांगन ने छात्रों में विषय वस्तु की समझ,जीपीएस,एलओएस द्वारा बच्चों को सीखने सीखाने को विकसित करने,कक्षा में जाने के पूर्व विषय की तैयारी,बच्चों में सृजनशीलता विकसित करने,शिक्षण अधिगम सामग्री,शिक्षकों की सभी बच्चों तक पहुंच,पुस्तकालय, प्रिंट रिच वातावरण,शिक्षक को विषय वस्तु का ज्ञान,गतिविधि आधारित अध्यापन,शैक्षिक योजना निर्माण,उपचारात्मक शिक्षण,विज्ञान में एलओएस के महत्व,उच्च गुणवत्ता में प्रश्न निर्माण हेतु ब्लूप्रिंट बनाने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।आगे कविता देवांगन ने ब्लूम टैक्सोनॉमी के विभिन्न स्तरों के बारे में बताते हुए ज्ञान आधारित,समझ,अनुप्रयोग,विश्लेषण ,संश्लेषण,मूल्यांकन,पेअर लर्निंग,पियर लर्निंग,बच्चों के जिज्ञासु रवैया का सम्मान करने,सीखने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने,अनुभव लेखन, बच्चों को स्वयं से सीखने के लिए प्रेरित करना,स्वयं से पढ़ने के लिए प्रेरित करना,स्वयं से सीखने के लिए चुनौती देना,गतिविधियों के माध्यम से,कहानी के माध्यम से आदि द्वारा प्रशिक्षण को बहुत ही रोचक बनाकर प्रशिक्षण दिया गया। इस सेवाकालीन प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षक छ: समूह में बैठकर विभिन्न क्रियाकलापों, गतिविधियों, प्रोजेक्ट कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया गया ।इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी दुर्गा सिन्हा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य,लक्षण,गुण,लाभ एवं विशेषताओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के नए ढांचा एवं उसके लाभ को भी विस्तार पूर्वक बताते हुए बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षण देने हेतु बच्चों को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण में आए शिक्षकों को प्रेरित किया।विद्यालयों में गतिविधि आधारित,क्रियाकलाप,खेल गतिविधियों के माध्यम से नवाचार तरीके से अध्यापन कर कर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित की। शिक्षक प्रेमचन्द साव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल में विज्ञान शिक्षण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न गतिविधियों जैसे विज्ञान कार्नर, वॉल मैगजीन बाल दर्पण,प्रार्थना सभा,बाल विज्ञान परिषद् का गठन आदि एवं शिक्षक लक्ष्मी नारायण साहू ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पलसापाली में चलाए जा रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।डाइट महासमुन्द के प्राचार्य अरुण प्रधान ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालकर शिक्षकों से बच्चों के हित में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण देने हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण में शिक्षक प्रेमचन्द साव,गोपीकांत डड़सेना,विनय साहू सहित सभी शिक्षकों ने पिन होल कैमरा का निर्माण करना,समतल दर्पण द्वारा प्रकाश के परावर्तन को समझना,अम्ल क्षार लवण को सूचक के माध्यम से जानने, भौतिक परिवर्तन,रासायनिक परिवर्तन, समीकरण संतुलित करने, प्रकाश के प्रकृति एवं गुणों को समझना आदि को प्रोजेक्ट बनाकर या क्रियाकलाप के माध्यम से समूह के अनुसार सभी शिक्षकों द्वारा प्रस्तुति दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान पूरे प्रशिक्षण सत्र मे बसना से शिक्षकों ने बड़ चढकर हिस्सा लिया एवं प्रशंसनीय कार्यों से सबका दिल जीता । इस दौरान प्रेमचन्द साव,तेजसिंह सिदार,लक्ष्मी नारायण साहू,दिनेश प्रधान,जयप्रकाश नायक,ज्वाला प्रसाद नर्मदा,महेंद्र चौधरी,ज्योति कुमार पटेल,चंपतलाल चौधरी,देव कुमार सिदार,सुरेश साहू एवं अन्य विकास खंड से मोहन बंजारे,परमानंद साहू,संजय चंद्राकर,विनय साहू,ममता पाल,कल्पना ठाकुर,पंकजनी सिंह,गोपीकांत डड़सेना,आदिति सिंह,राजेश साव,संगीता पंडा,ओमप्रकाश साव,सुनील पटेल सहित जिले भर के सैकड़ों शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस प्रशिक्षण के आयोजन में डाइट प्राचार्य अरुण प्रधान,टेकराम सेन,किरण कन्नौजे, राजेश चंद्राकर आदि डाइट कर्मचारियों-अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नंदिनी नगर में धूमधाम से मनाया गया पैगम्बर मोहम्मद का जन्मदिन

**अहिवारा ( समय दर्शन )।** मुस्लिम समाज नंदिनी नगर (अहिवारा) द्वारा सोमवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी (पैगंबर मोहम्मद स.अ. के जन्मदिन) के अवसर पर जुलूसे मोहम्मदिया और आमलंगर प्रोग्राम रखा गया। डी.जे. प्रतिबंध होने के कारण साधारण ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ मुस्लिम समाज द्वारा सुबह 9 बजे मदरसा और नुरानी जामा मस्जिद नंदिनी में परचम कुशाई के बाद सलाम और नातशरीफ पढ़ते हुए जुलुस निकाला गया जो की ईदगाह मैदान, पथरिया चौक, तीन बत्ती चौक, टाउनशिप मार्केट से होता हुआ अहिवारा बस स्टैण्ड पहूंचा। नुरानी जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद फरीद साहब ने तकरीर कर पैगंबर मोहम्मद स.अ. के जीवन एवं संदेश को नगरवासियों को बताया एवं मुल्क में अमन - शांति एवं विकास के लिए दुआ की इसके पश्चात जुलूस वापस मुस्लिम समाज के कार्यालय 100 युनिट होता हुआ नुरानी जामा मस्जिद नंदिनी पहुंचा। जुलुस के दौरान मुस्लिम समाज नंदिनी के



युवाओं के द्वारा पथरिया चौक, टाउनशिप मार्केट एवं अहिवारा मे स्टाल लगाकर नगरवासियों को वेजपुलाव और हलवा का वितरण किया गया इसी कड़ी में हिन्दु समाज के युवाओं के द्वारा आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए टाउनशिप मार्केट में जुलुस में शामिल मुस्लिम समाज के लोगो के लिए नास्ते की व्यवस्था किया गया एवं गौसिया मस्जिद कमेटी द्वारा अहिवारा द्वारा बस स्टैण्ड में फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। मुस्लिम समाज के जुलूस में अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष नटवरलाल ताम्रकार, पूर्व अध्यक्ष रविशंकर सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष उमेश मिश्रा, कांग्रेस सेवादल ब्लाक अध्यक्ष रामपाल नाविक, समाजसेवी धनंजय सिंह भी शामिल हुए। बाद नमाजे मगरीब नुरानी मस्जिद प्रांगण में मिलाद शरीफऔर आमलंगर एवं उमरा कर लौटे हाजी शेख ईदु और इनकी अहलिया और अनीश अहमद कुरैशी और उनकी अहलिया के इस्तकबाल का प्रोग्राम रखा गया। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस, मिलाद शरीफ एवं आमलंगर के प्रोग्राम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग युवा एवं बच्चे शामिल हुए। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान नंदिनी थाना प्रभारी श्री मनीष शर्मा अपने टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखा। इसकी जानकारी मुस्लिम समाज के सदर (अध्यक्ष) शान मोहम्मद ने दी।*

# एक राशन चोर, दूसरी ओर चल रहे अवैध क्लीनिक ..... विकास हो रहा

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** बिल्हा ब्लॉक के अंतर्गत राशन दुकान हो या अवैध रूप से चल रहा क्लिनिक किसी को या तो कोई फर्क नहीं पड़ता अथवा उन्हें विभागीय संरक्षण प्राप्त है। यहां न मानने का कोई कारण दिखाई नहीं देता खैरा पहले कर ले राशन दुकान की बात। शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम पंचायत खैरा विक्रेता सूर्यवंशी जी प्रत्येक 1 किलो शक्कर के पीछे ?3 अतिरिक्त लेते हैं। इनके यहां 750 राशन कार्ड हैं। पहले सब का थंब इंप्रेशन ले लिया जाता है फिर महोदय अपनी सुविधा अनुसार राशन का वितरण करते रहते हैं।



इस प्रश्न का कोई जवाब नहीं की बायोमेट्रिक पहचान के बाद तत्काल गोदाम में से उतना चावल या शक्कर काम क्यों नहीं होता और प्रति किलो शक्कर के पीछे ?3 अधिक क्यों ..... राशन दुकान के बाहर खड़े हुए ग्रामीणों ने माना कि उन्हें राशन लेने दो बार आना पड़ता है। पहली बार बायोमेट्रिक पहचान के लिए और दूसरी बार राशन लेने के लिए, सूर्यवंशी दुकान संचालक ?3 प्रति किलो पर अतिरिक्त गैरकानूनी रूप से कमा कर खुश है और सेबी में बोच मैडम का कमाई का झोला इतना बड़ा है कि उसमें करोड़ का वजन भी हल्का लग रहा है। राशन से लेकर सेबी तक चौकीदार चोर है।

अब बात स्वास्थ्य विभाग की बिल्हा विकासखंड अंतर्गत ग्राम टेकर फर्जी क्लीनिक के बाहर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू को वोट देकर जीताए का वॉल पेंटिंग किया हुआ है। और अंदर अवैध क्लिनिक संचालित है। जिस टेबल के पीछे कथित डॉक्टर साहब बैठते हैं उनकी फोटो भी चश्पा है। मरीज बड़ी संख्या में आते हैं, इसलिए दो महिला सहायक और एक पुरुष सहायक को नौकरी पर रखा है। फर्जी डॉक्टर ने फर्जी सहायक भी तैयार कर ली है। क्लीनिक के अंदर भिन्न-भिन्न प्रकार के काटने और सिलने के उपकरण हैं कि प्रशिक्षित डॉक्टर भी शर्मा जाए। बड़े पैमाने पर भवन के पीछे उपयोग की गई दवाईयां, इंजेक्शन फेक दी जाती हैं। उपकरण इशारा करते हैं कि अवैध तरीके से गर्भपात भी कराए जाते हैं और अब तो राज्य के मुख्यमंत्री ने भी जनदर्शन का अंतराल बढ़ा दिया है। शिकायत कहां करें बिलासपुर के विभागीय प्रमुख को इन सब छोटी-मोटी अनियमितता से फर्क नहीं पड़ता।

# बसना मे ईद मिलाद-उन-नबी का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

### ■ सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने पहुंचकर दी मुबारकबाद

**अभय धृतलहरे/ बसना ( समय दर्शन )।** बसना मुस्लिम जमात द्वारा ईद मिलाद-उन-नबी का त्यौहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

बता दें कि इस्लामिक महीने के 12 रविउल अव्वल को पैगम्बर ए इस्लाम सलल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस दुनिया में तशरीफ लाये।उनका हर एक संदेश मानवता के हित में है.. और हर मुसलमान अपने पैगम्बर से प्रेम करता है.. तथा उनके बताये मार्ग का अनुसरण करके ही वो अपने जीवन को सफल बना सकता है। पैगम्बर मोहम्मद साहब ने मानवता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने पर बल दिया। पैगम्बर मोहम्मद साहब का संदेश आपसी भाईचारे, मानवता, समरसता, शांति, सद्भावना, अमन-चैन का संदेश है। इस अवसर पर बसना शहर को बेहतरीन सजाया गया था।पूरे विश्व में मुस्लिम समुदाय ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूसे मोहम्मदी खुशी और हर्षोल्लास के साथ निकाला जाता है। बसना में मुसलमान भाईयों ने विभिन्न मस्जिदों में जाकर नमाज अदा किया तथा पैगंबर मोहम्मद साहब के संदेशों और मानवता के प्रति उनके योगदान को याद किये।

ईद मिलादुन्नबी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए बसना के मुस्लिम मोहल्लों के साथ मुख्य मार्ग को एवं चौक-चौराहों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सोमवार को सुबह 4 बजकर 37 मिनट में सुबह सादिक के वक्त मस्जिदों में सलातो



सलाम पेश कर परचम कुशाई के बाद खुशी के मौके पर मिठाई बांटी गई। फज्र की नमाज के बाद सुबह 7 बजे विभिन्न मोहल्लों से मुस्लिम भाई नगर के जुलूस में शामिल होने अपने अपने घरों से निकल कर मेन रोड स्थित जमात खाना पहुंचे। यहां से जुलुस का आगाज हुआ। फिर जुलूस बसना मेन रोड से आगे बढ़ते हुए शहीद वीर नारायण सिंह चौक, बस स्टैंड, जनपद चौक पहुंचा। वहां से उसी रास्ते में वापसी करते हुए शहीद वीर नारायण सिंह चौक से होते हुए पदमपुर रोड थाना चौक पहुंची। थाना चौक होते हुए बाजार पड़ाव, मदीना मस्जिद, जामा मस्जिद से नखरशके मुख्य मार्ग होते हुए पुन: जुलूस जमात खाना मेन रोड पहुंचा। जहां पर बसना मुस्लिम समाज के जनाब मुफ्ती जमील साहब ने परचम कुशाई का रस्म पूरा किया। तत्पश्चात उन्होंने पैगम्बर मोहम्मद साहब की पैदाइश व उनके संदेशों का जिक्र करते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की गुजारिश की। इस दौरान बसना नगर, छत्तीसगढ़ एवं देश की शुखहाली व अमन चैन की दुआ की गयी।

इस जश्न के मौके पर श्रीमति रूपकुमारी ओमप्रकाश चौधरी सांसद महासमुंद ,विधानसभा संयोजक डॉ.एन.के. अग्रवाल, बसना भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,श्री राम जानकी मंदिर समिति के संरक्षक अशोक जोशी, भाजपा महामंत्री व नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल द्वारा इस्तकबाल किया गया एवं उन्हें ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी गई। सिख समाज द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई । मुस्लिम समुदाय द्वारा व्यापारी बंधुओं के उनके दुकान में जाकर गुलदस्ता भेंट कर ईद मिलाद-उन-नबी की बधाइयां दी।इस दौरान जगह जगह स्वागत व स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी थी।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर,
समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26